तापमान
अधिकतम 38.6 डिग्री
न्यूनतम 24.2 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार, 19 मई 2025

10 राजाराम मोहन राय की जयंती पर शिक्षा के लिए किया प्रेरित
11 कुर्मी समाज के प्रतिभावान बच्चों को किया जा रहा सम्मानित









## खबर संक्षेप

### गांजा बेचते तीन युवक गिरफ्तार, भेजा जेल



**भिलाई।** गांजा बेचते हुए तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवकों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मोहन नगर थाना क्षेत्र के गंज मंडी सिकोला भाटा में गांजा बेचते सद्भावना चौक दुर्ग निवासी संजय उके, अमित गजभिये, शंकर नगर राजनांदगांव संजय साहू को पकड़ा गया। युवकों के पास से पुलिस ने 3.28 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत 24 हजार रुपए आंकी गई है। नगदी 400 रुपये जब्त किया। मुखबिर की सूचना पर मोहन नगर पुलिस ने गंज सब्जी मंडी सिकोला भाठा में दबिश देने पहुंची थी। कार्रवाई में मोहन नगर थाना प्रभारी केशव राम कोसले समते उनकी टीम का योगदान रहा है।

### धारदार हथियार लेकर धमकी देने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर लोगों को धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि मोहम्मद खालिद नामक युवक को घेराबंदी कर टेंट हाउस के सामने से पकड़ा गया है। टीआई ममता अली शर्मा ने बताया कि युवक को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### कोलाहल अधिनियम के तहत डीजे पर कार्रवाई



**भिलाई।** तेज आवाज में डीजे बजाने को लेकर पुलिस ने कोलाहल अधिनियम के तहत चार संचालकों के खिलाफ कार्रवाई किया है। एएसपी पदमश्री तंवर ने बताया कि एकता उत्सव (उर्स पाक) वर्ष 2025 के सदस्यों व डीजे संचालकों को बैठक लेकर धोनी विस्तार की यंत्रों के उपयोग को लेकर जारी निर्देश का पालन करने व रात 10 बजे के बाद से डीजे नहीं बजाने का आदेश किया था। 18 मई को मुखबिर की सूचना पर पटेल चौक दुर्ग में कव्वाली कार्यक्रम (उर्स पाक) में देर रात चादर चढ़ाने के लिए अधिक आवाज में डीजे संचालन किया गया। पुलिस टीम मौके पर पहुंची व डीजे संचालको को डीजे संचालन करने को लेकर अनुमति आदेश पेश करने को कहा गया जो अनुमति नहीं होना पाया गया। पुलिस ने इन्द्र कुमार, रायपुर के कब्जे से सीजी 07 सीए 5799, संदीप संवते राजनांदगांव सीजी 04 जेडी 9142, हेमंत यादव, दुर्ग के कब्जे से टाटा वाहन सीजी 07 सीए 3264, शेख जमील दुर्ग से सीजी 04 एलयू 9927 में लगे डीजे सेट साउण्ड बॉक्स सिस्टम को जप्त किया गया। पुलिस ने कर छ.ग. कोलाहल अधिनियम 1985 की धारा 15, सीजी 07 सीडब्लू 8856 पर मोटर व्हीकल अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। कार्रवाई में दुर्ग कोतवाली थाना प्रभारी ममता अली शर्मा समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

# सुविधाओं की बाटजोह रहा जामगांव आर, 9 साल बाद भी तहसील का दर्जा नहीं

आसकरन जैन ▶▶| जामगांव आर

**मैं जामगांव आर...** जिला मुख्यालय दुर्ग से 35 किलोमीटर दूर हूं, मेरे आसपास 50 से ज्यादा गांव हैं, जहां 85 हजार से ज्यादा लोग निवास करते हैं। इसके बावजूद आजादी के 75 साल बाद भी मेरा विकास नहीं हो पाया। मेरी हालत बस्तर के अबूझमाड़ जैसी है, जहां जीवन यापन किसी त्रासदी से कम नहीं, छोटी-छोटी जरुरतों के लिए जद्दोजहद करनी पड़ती है। सुना है कि छत्तीसगढ़ सरकार सुशासन तिहार मना रही है। हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मेरे गांव से महज 6 किलोमीटर दूर स्थित भाठागांव आर में आने वाले हैं। मेरी उनसे गुजारिश है कि एक बार मेरा भी हालचाल जानने के लिए रहम करें,लोकतंत्र के मतदाताओं की गुहार संज्ञान में लेकर गांव में रहने वाले ग्रामीणों को तवज्जो दें। मूलभूत सुविधाओं जैसे सड़क, बिजली, पानी, सफाई और स्वास्थ्य पर बात करें, सरकारी योजनाओं को समुचित लाभ मेरे गांव के लोगों को दिलाएं। मुझे 9 साल पहले डॉ रमनसिंह की भाजपा सरकार ने एक सपना दिखाया कि जल्द ही तुम्हारे दिन फिरने वाले हैं। तुम शहर का रूप लेने वाले हैं, तुम्हे ब्लॉक का दर्ज मिलने वाला है, तुम्हारी तकदीर बदलने वाली है। चमचमाती सड़कें होंगी, हॉस्पिटल होगा, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, साफ पानी पीने के लिए मिलेगा। रोजगार मुखी नए स्कूल खुलेंगे, छोटे-मोटे कामों के लिए जिला मुख्यालय नहीं जाना होगा, सब कुछ यहीं होगा, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ, मुझे ब्लॉक बनाने की घोषणा महज कागजों में सिमट कर रह गई। मेरी हालत पहले से भी ज्यादा खराब हो गई। राष्ट्रपति की मुहर लगने के 9 साल बाद भी जामगांव आर यानी मुझे ब्लॉक का दर्जा नहीं दिया गया। जो खुला अन्याय है। मैं एक बात और कहना चाहूंगा कि मेरे सीने पर चढ़कर यहां के कुछ लोग राजनीति में आए, विधायक, सांसद से लेकर मुख्यमंत्री तक बन गए, लेकिन मेरी तरफ ध्यान नहीं दिया। राजनीति का केंद्र बिंदु रहने के बाद भी मेरी अनदेखी की गई।



## जामगांव आर से लगे ग्राम भाठागांव आर में आज मुख्यमंत्री साय का आगमन

### 50 बिस्तर हॉस्पिटल की दरकार लेकिन हेल्थ वर्कर तक नहीं

जामगांव आर में शासकीय चिकित्सालय नहीं है। आम जनता इसे लेकर खासी परेशान है। कई बार बीमार ग्रामीण उपचार त्वरित नहीं मिलने से शहर की ओर जाते समय रास्ते में दम तोड़ चुके हैं। 50 गांव से सीधे संपर्क वाले जामगांव आर 100 वर्षो से व्यापारिक और शैक्षणिक केंद्र है। विडंबना यह है कि छोटे-छोटे गांवो में स्वास्थ केंद्र है, लेकिन जामगांव आर में नहीं है। छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार का दंभ भरने वाले भी इस बात से भलीभांति परिचित हैं, फिर भी यहां के ग्रामीणों की खुली करते है उपेक्षा करते हुए मजाक उड़ाई जा रही है। सांसद विजय बघेल ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने आशीर्वाद देकर पाटन और प्रदेश में भाजपा को सेवा का अवसर दिया। तब सार्थक पहल करते हुए जामगांव आर को शासकीय कॉलेज मिला। बेटियां इसका वरदानित लाभ उठा रही हैं।

### जामगांव आर को ब्लाक का दर्जा नहीं देना समझ से परे

बता दें 2013 में जामगांव आर को ब्लॉक बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। सितंबर 2016 में राष्ट्रपति की मंजूरी मिली। 2018 में भाजपा प्रदेश सत्ता से बाहर हो गई। इसके बाद जामगांव आर को विकासखंड का दर्जा देने की मांग को लेकर ग्रामीणों का एक प्रतिनिधि मंडल समाजसेवी चतुर सिंह साहू के नेतृत्व में 25 जनवरी 2019 को तत्कालीन सीएम भूपेश बघेल से मिला। आश्वासन तो मिला लेकिन जामगांव आर को ब्लॉक का दर्जा नहीं मिल पाया। वर्तमान में भाजपा की सरकार है। गांव-गांव में सुशासन तिहार के तहत लोगों की समस्याएं सुनी जा रही है, उनका निराकरण कियाा जा रहा है। अब जामगांव आर के ग्रामीण अपनी पूर्व लंबित मांग के पूरा होने को लेकर टकटकी लगाकर देख रहे हैं। ताकी जामगांव आर में सुविधाएं मिल सकें।

### 75 साल बाद भी डाक थैला साइकिल से पहुंच रहा गुंडरदेही

ग्रामीणों ने बताया कि अंग्रेजों के जमाने से साइकिल पर सवार होकर डाक थैला उप डाकघर गुंडरदेही पहुंचाया जा रहा है। आसपास की 13 ग्राम पंचायतें कई बार जामगांव आर में उपडाकघर खोलने की मांग कर चुकी हैं। तत्कालिक सरपंच राजकुमार ठाकुर, पंच तीरथ चन्द्राकर, डीडी मानिकपुरी इस विषय को लेकर प्रवर अधीक्षक हरिश कुमार महावत से मिलकर आवेदन सौंप चुके हैं। बटरेल पूर्व सरपंच अभयराम ठाकुर और रानीतराई के पूर्व सरपंच निर्मल जैन ने कहा कि दुर्ग बस सेवा होने के बाद भी डाक थैला सिस्टम चल रहा है। जामगांव आर पूर्व सरपंच राजकुमार ठाकुर ने बताया कि डाक विभाग के ढर्रे पर चलने से सभी को परेशानी हो रही है। करेला, रानीतराई, निपानी, सुरपा, बेल्हारी, बटरेल, धमना, भाठागांव आर, रनचिराई, पौहा, गाड़ाडीह, मर्रा के ग्रामीणों ने व्यवस्था सुधार की मांग की है।

## समस्या : गर्मी में निस्तारी तालाब भरने के लिए छोड़ा गया था तादुंला से पानी

# जलाशयों में सबसे बड़ा सूखा... तांदुला में 15 और खरखरा में 8% पानी, पिछले साल से 50 फीसदी कम

देवीलाल साहू ▶▶| भिलाई

इस बार की भीषण गर्मी से जलाशयों में सबसे बड़ा सूखा ला दिया है। दुर्ग, बालोद व बेमेतरा जिले को पानी देने वाला तादुंला जलाशय में महज 15.27 फीसदी ही पानी स्टोरेज है। खरखरा जलाशय की स्थिति और भी बदतर हो गई है। इस जलाशय में महज 8.65 फीसदी पानी है। दोनों की जलाशयों की स्थिति पिछले साल यानी 2024 के 18 मई की तुलना में 50 फीसदी कम है। तांदुला जलाशय में पिछले साल इस तिथि को 30.14 फीसदी और खरखरा जलाशय में 42.46 फीसदी पानी का स्टोरेज था। जलाशयों का जलभराव पूरी तरह मानसून पर ही निर्भर रहता है। मौसम विभाग के हिसाब से मानसून जल्दी भी आता है तो 10 जून का समय है। यदि समय पर नहीं आया तो बीएसपी को पानी और ट्विनसिटी के लोगों के लिए पेयजल जैसी संकट निर्मित हो सकती है।

अलग खबर

### इसलिए तांदुला और खरखरा में सूखे के हालात




#### 69 तालाब भरने छोड़ा था 1300 क्यूसेक पानी

दुर्ग जिले के लोग ताढुंला जलाशय पर निर्भर हैं। तांढुला विभाजन के बाद बालोद जिले में चला गया है। वहां से कृषि व तालाब भरने के लिए पानी मांगा जाता है। इस गर्मी में दुर्ग जिले के 69 तालाबों को भरने के लिए 1300 क्यूसेक पानी तांढुला जलाशय से छोड़ा गया था। इससे जिले के तालाबों में पानी पहुंचा था।

#### सीपेज के कारण 25% पानी चला गया बेकार

तांढुला जलाशय से पानी छोड़ने पर 25 प्रतिशत पानी व्यर्थ बह गया। जर्जर नालों की वजह से जब तक तालाब भरा जाता रहा गांव से लेकर शहर तक के नालों के आसपास खाली मैदान डबरी के रूप में नजर आए। यही स्थिति पिछले रबी फसल के आखिर में रही। जब धान की फसल पकने के लिए नालों के माध्यम से पानी छोड़ा गया।

#### खरखरा से पूरे बालोद जिले को मिलता है पानी

खरखरा जलाशय से पानी बीएसपी को मिलता है। इसी जलाशय से पूरे बालोद जिले की खेती और तालाबों को भरने के लिए पानी छोड़ा जाता है। वहां भी नालों की स्थिति अच्छी नहीं है जिसकी वजह से लाखों लीटर पानी बेकार चला जाता है। समीप के राजनादगांव जिले के करीबी गांवों में पानी पहुंचता है।

### जलाशयों की स्थिति

| जलाशय | 2024 | 2025 |
|---|---|---|
| तादुंला | 30.14 | 15.27 |
| खरखरा | 42.46 | 08.65 |
| गोंदली | 32.57 | 35.89 |
| खपरी | 04.35 | 69.33 |
| मरोदा | 38. 37 | 31.17 |

नोट:जलाशय के आंकड़े प्रतिशत में।

#### मरोदा टैंक में महज 6 दिन का पानी शेष

खरखरा और गंगरेल से बीएसपी को पानी मिलता है। सूत्रों के मुताबिक खरखरा जलाशय की स्थिति ऐसी है कि अब बीएसपी को पानी नहीं मिल सकता। इसलिए अब गंगरेल जलाशय पर ही निर्भरता रहेगी। मरोदा जलाशय में वर्तमान में 31.17 प्रतिशत पानी है। पिछले साल 38.37 प्रतिशत पानी था लेकिन तब तादुंला जलाशय में पर्याप्त पानी का स्टोरज था।

### बे-मौसम बारिश और बदली से चिपचिपी गर्मी बढ़ी, तापमान 38.6 डिग्री दर्ज

**भिलाई।** मौसम ने करवट ली है। शनिवार की रात अच्छी बारिश हुई। रविवार को सुबह से दोपहर तक आसमान पर बादल छाए रहे। जिसकी वजह से तापमान में 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। अधिकतम तापमान 38.6 डिग्री सेल्सियस आ पहुंचा। मौसम विभाग ने आने वाले पांच दिनों तक इसी तरह मौसम रहने की संभावना जताई है। हालांकि यह प्री मानूसन भी नहीं है। 19 मई को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है



**इसलिए मौसम में बदलाव:** मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक दक्षिण पूर्व मानसून दक्षिण अरब सागर, मालदीप और कोमोरिन क्षेत्र, दक्षिण बंगाल की खाड़ी, अंडमान द्वीप के शेष हिस्से, अंडमान सागर और मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग में अगले एक दो दिनों में सक्रिय होने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ 61 डिग्री पूर्व और 30 डिग्री उत्तर में मध्य क्षोभमंडल में स्थित है। एक द्रोणिका मध्य पंजाब से उत्तर बांग्लादेश तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक उत्तर-दक्षिण द्रोणिका पश्चिमी विदर्भ से उत्तर अंदरूनी कर्नाटक तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है ।

#### 20 से ज्यादा बारिश होने की संभावना



20 मई से वर्षा की गतिविधि में और वृद्धि हो सकती है। इस बार 10 जून से मानसून आने के संकेत है। बारिश भी अच्छी होगी।

एचपी चंद्रा, मौसम विज्ञानी

## सहायक प्रबंधक व कर्मी गिरफ्तार

# किसानों के खातों से करोड़ों की हेराफेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- सेवा सहकारी समिति ग्राम सोमनी भिलाई तीन का
- आरोपियों ने 1.03 करोड़ रुपए का गबन

किसानों के खाते से करोड़ों रुपए का हेराफेरी करने के मामले में पुलिस ने सहायक प्रबंधक व एक कर्मी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 420,406,408,409,34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि भिलाई तीन स्थित ग्राम सोमनी के सेवा सहकारी समिति में पदस्थ प्रबंधक नीति दीवान, सहायक प्रबंधक गजानंद शिर्के, कर्मी गोपाल वर्मा के द्वारा 1 करोड़ 3 लाख 11 हजार 263 रूपये का हेराफेरी किया गया। जिसकी शिकायत जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक भिलाई तीन शाखा प्रबंधक सुरेन्द्र सिंह भुवाल ने पुलिस को लिखित में शिकायत किया था। जांच में आरोपियों द्वारा कृषकों के रकम उनके खाता में जमा न कर स्वयं के उपयोग में लाया गया। कृषकों द्वारा लाई गई पासबुक में रकम की एंट्री करके वापस कर दिया करते थे। लेकिन बैंक के लेजर में इसकी एंट्री नहीं करते थे। कुछ कृषकों के फिक्स डिपॉजिट तोड़कर आरोपियों द्वारा रकम अपने पास रखा गया। खाता में हेराफेरी कर राशि गबन करने में आरोपी गजानन शिर्के, गोपाल वर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर घटना को करना स्वीकार किया। दोनों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त कार्रवाई में भिलाई तीन थाना प्रभारी अम्बर सिंह भारद्वाज, उप निरीक्षक सुभाष लाल, सहायक उप निरीक्षक हिरामन रामटेके, आरक्षक राजकुमार सिंह, आरक्षक बंटी सिंह, आरक्षक अरविंद मेढे, आरक्षक विशाल सिंह, आरक्षक ईश्वर सिंह का योगदान रहा है।

### करंट लगने से छात्र की मौत



**भिलाई।** खेत के बाड़ी में लगे बाउंड्रीवाल में करंट लगने से स्कूली छात्र की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि ग्राम कुगदा निवासी 14 वर्षीय अरविंद कुर्रे गांव के खेत में अचानक गया हुआ था। जहां पर स्ट्रीट लाइट का पोल भी निकला हुआ है। खेत के बाउंड्रीवाल में करंट आने से बालक चिपक गया था। बालक कक्षा 9 वीं का छात्र था।

# पर्सनल आईडी से रेलवे टिकट बेचने वाला पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पर्सनल यूजर आईडी से ट्रेन का कंफर्म टिकट देने वाले युवक को आरपीएफ ने गिरफ्तार किया है। युवक के खिलाफ रेल अधिनियम की धारा 143 के तहत जुर्म दर्ज किया है। मिली जानकारी के मुताबिक अरपीएफ क्राइम ब्रांच भिलाई ने वार्ड 5 गणेश राम मंदिर लेबर कैंप निवासी मनोज बिसाई 31 वर्ष गिरफ्तार किया है। मनोज पर आरोप है कि अपने पर्सनल यूजर आईडी से रेलवे की टिकट बनाकर बेचता था। मनोज के पास से आईआरसीटीसी का कोई एजेन्ट आईडी नहीं था। आरपीएफ क्राइम ब्रांच भिलाई ने आरोपी को रेलवे सुरक्षा बल भिलाई के सुपुर्द किया। इस तरह अवैध रुप से टिकट बेचने वालों के कारण रेलवे की वेबसाइट पर कंफर्म टिकट मिलने में यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मनोज बिसाई श्री खाटू श्याम जी जन सेवा केन्द्र दुकान नामक च्वाइस सेंटर का संचालक है। दलाल पर्सनल आईडी से टिकट बुक कर लेते हैं और कंफर्म टिकट के बदले लोगों से मनमाने पैसे वसूलते हैं। मनोज बिसाई भी यही काम कर रहा था। इसके लिए वह श्री खाटू श्याम जी जन सेवा केन्द्र के नाम से च्वाइस सेंटर का संचालन कर रहा था।



### लिमिट से अधिक टिकट बुकिंग पर होती है कार्रवाई

पर्सनल यूजर आईडी पर ई-टिकट बनाने की एक लिमिट होती है। आधार कार्ड आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर सत्यापित कराने पर एक माह में एक यूजर आईडी पर 24 टिकट बुक कर सकते हैं। लेकिन आधार सत्यापित नहीं है तो एक यूजर आईडी पर 12 टिकट ही बुक कर पाएंगे। इससे अधिक टिकट की बुकिंग पर रेलवे पुलिस कार्रवाई करती है। इसकी जानकारी आम लोगों तक को नहीं हो पाती है। पर्सनल यूजर आईडी पर कई लोग टिकट की दलाली करने में जुट जातें है। लिमिट से अधिक टिकट बुकिंग होने पर कार्रवाई किया जाता है।

## आवेदनों के निराकरण के लिए लगाया गया था शिविर

# सुशासन समाधान शिविर में 228 नए आवेदन आए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सुशासन समाधान शिविर 2025 में प्राप्त आवेदनों का निराकरण त्वरित रूप किया गया। शिकायत मिली थी कि घासीदास नगर सड़क नंबर 3 में नाली के ऊपर अतिक्रमण कर लिया गया है जिससे नाली जाम हो जाने से परेशानी हो रही है। पानी सड़क पर बह रहा है। प्रभारी अधिकारी मौके पर पहुंच के देखे तो शिकायत सही था तुरंत जेसीबी से अतिक्रमण को खाली करवाया गया। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने समाधान शिविर में पहुंचकर के इस बात की सराहना की। उनका कहना था कि शासन द्वारा सुशासन समाधान शिविर इसीलिए चलाया जा रहा है कि जिन समस्याओं का निराकरण तुरंत किया जा सके उसे तुरंत करना है। समाधान शिविर का उद्देश्य ही है की त्वरित निराकरण किया जाए। जो भी मांग एवं शिकायत के 228 नए आवेदन के आए हैं। उसको छांट करके शीघ्रतापूर्वक उसे पर कार्रवाई की जाए, जो मांग है निगम द्वारा निराकरण हो सकता तो करें, नहीं तो शासन को प्रपोज बना कर भेजें। जो भी आवश्यक मांग होगी शासन उसे पूरा करेगा। सभी विभाग के काउंटर पर जाकर के उन्होंने निरीक्षण किये। प्रत्येक व्यक्ति से जानकारी प्राप्त कर रहे थे। आठ गर्भवती महिलाओं को गोद भराई किया गया एवं पांच कुपोषित बच्चों को पोषण आहार किट प्रदान किया गया। गोद भराई के दौरान जवाहर नगर निवासी राधिका राहुल टंडन ने कहा यह मेरे जीवन का बहुत सुखद अवसर है जब इतने सारे लोग मिलकर के हमें शुभकामना दे रहे हैं। शिविर के दौरान एमआईसी सदस्य नेहा साहू, पार्षद महेश वर्मा, पीयूष मिश्रा, संतोष मौर्या, मुकेश अग्रवाल, संदीप सेन, संजय सिंह, नोहर वर्मा जोन आयुक्त ऐशा लहरे, डॉ पियाम सिंह, अभियंता अरविंद शर्मा, अर्पित बंजारे, श्वेता वर्मा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, प्रभारी राजस्व अधिकारी शरद दुबे एवं सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



### आज शिविर वार्ड 30 में

आगामी समाधान शिविर दिनांक 19 मार्च सोमवार को सुबह 10 से शाम 5 तक राम जानकी मंदिर डोम शेड वार्ड क्रमांक 30 में आयोजित है। इसमें वार्ड क्रमांक 30 प्रगति नगर, वार्ड क्रमांक 31 मदर टैरेसा नगर, वार्ड क्रमांक 32 बैकुंठ धाम सुंदर नगर, वार्ड क्रमांक 33 संतोषी पारा, वार्ड क्रमांक 34 शिवाजी नगर के नागरिकगण आकर के अपने पूर्व में दिए गए आवेदनों के निराकरण के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। एवं अन्य नए आवेदन भी दे सकते हैं।

# मेडिकल कॉलेज को कचान्दुर में जमीन आवंटन का ग्रामीणों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग ब्लाक के ग्राम कचान्दुर के ग्रामीणों ने गांव के चारागाह, सिंचाई तालाब, स्कूल के लिए आरक्षित और खेती योग्य भूमि को चंदूलाल चंद्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कचान्दुर को आवंटित किए जाने का कड़ा विरोध दर्ज कराया है। 16 मई शुक्रवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ दुर्ग तहसील कार्यालय पहुंचकर चंदुलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय महाविद्यालय के भू-अधिग्रहण करने पर अपनी लिखित आपत्तियां दर्ज कराईं है। ग्राम पंचायत कचान्दुर सरपंच कीर्तन साहू ने बताया कि जिला प्रशासन ने स्थानीय ग्राम पंचायत को अपने विश्वास में लिए बिना व बिना ग्राम सभा की अनुमति के ग्राम कचान्दुर की भूमि आवंटन के लिए प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई। जिसका ग्राम पंचायत की बैठक में एवं ग्राम सभा की बैठक लेकर उक्त भूमियों के अधिग्रहण पर रोक लगाने सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित कर शासन के संबंधित उच्चाधिकारियों को इसकी प्रति भी भेजा गया है। शुक्रवार 16 मई को दुर्ग तहसीलदार को चंदुलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय महाविद्यालय के लिए उक्त भूमि अधिग्रहण (मांग) पर आपत्ति लगाने में प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत कचान्दुर सरपंच कीर्तन साहू, क्षेत्रीय जनपद सदस्य गोकुल वर्मा, उपसरपंच उदयराम वर्मा, पंच टिकेन्द्र वर्मा, दिलीप निर्मलकर, रामचरण साहू ,पुरूषोत्तम साहू, टिकेश्वर पटेल, उर्मिला साहू, कुसुम पटेल, भानुमति पटेल, ईश्वरीय निर्मल कर, रमेश वर्मा, चित्रलेखा साहू, चंद्रिका यादव, हेमलता साहू, वर्षा ठाकुर, विदेश यादव, संतोषी निर्मलकर आदि पंचायत प्रतिनिधियों के अलावा ग्राम के गणमान्य कृषक लोकेन्द्र बन्छोर,बिसम्भर साहू, गोकुल साहू, महेन्द्र साहू, कनी राम साहू, पवन साहू, शकुन्तला साहू, केशरी यादव, सुनिता साहू आदि प्रमुख है।

## ग्राम पंचायत और ग्रामसभा की अनुमति के बगैर प्रशासन ने शुरु की प्रक्रिया

### सिंचाई और चारागाह की है जमीन

जिस भूमि पर मेडिकल कॉलेज का अतिरिक्त निर्माण प्रस्तावित है, उसमें कृषकों के सिंचाई तालाब है, जहां बरसात का पानी एकत्र होकर जलस्तर बनाए रखता है। कृषक इसी तालाब के पानी से अपने खेतों में सिंचाई करते हैं।इसी से लगा हुआ चारागाह की जमीन है जिस पर पर शासकीय गौठान भी बना हुआ है। एवं इसी से लगाया हुआ भूमि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के लिए आरक्षित हैं। जिस खसरा नंबर की जमीनों पर ग्रामीणों ने आपत्ति दर्ज कराई है, उनमें निम्न लिखित खसरा नंबर की जमीन शामिल हैं -खसरा नंबर 767, रकबा, 2.440 हेक्टेयर खसरा नंबर 776, रकबा 1.660 हेक्टेयर, खसरा नंबर 1003, रकबा 4.630 हेक्टेयर, खसरा नंबर 1062 रकबा 3.400 हेक्टेयर, खसरा नंबर 1065, रकबा 7.780 हेक्टेयर, इन सभी को मिलाकर लगभग 50 एकड़ भूमि है, जिसे मेडिकल कॉलेज को आवंटित किया जा रहा है।



### कॉलेज के लिए वैकल्पिक भूमि की हो व्यवस्था

जनपद सदस्य गोकुल वर्मा ने जिला प्रशासन से पुनः मांग किया है कि स्थानीय ग्राम पंचायत एवं ग्राम सभा से सहमति लेकर मेडिकल कॉलेज के विस्तारीकरण के लिए वैकल्पिक भूमि की व्यवस्था की जाए। ग्रामीणों व ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने उनकी आपत्तियों को अनसुना किया, तो वे आगे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### आवासीय परिसर और हॉस्टल के लिए प्रस्तावित है जमीन

चिकित्सा महाविद्यालय के लिए डॉक्टरों और स्टाफ के लिए आवासीय परिसर एवं छात्रों के लिए हॉस्टल भी प्रस्तावित हैं। जिस भूमि पर सिंचाई नहर नाली, मनरेगा से बना खेतों के लिए कच्ची पहुंच मार्ग, और अन्य ग्रामीण विकास योजनाएं पहले से ही चल रही हैं। क्षेत्रीय जनपद सदस्य गोकुल वर्मा का कहना है कि इस भूमि से गांव की कृषि व्यवस्था, जल संरक्षण, पर्यावरण हेतु वृक्षारोपण, मवेशियों के लिए चारा, और कृषकों के निस्तारीक्ष आदि सुविधा जुड़ी हुई है। भूमि अधिग्रहण से ग्रामीणों की आजीविका पर बुरा असर पड़ेगा। अतः उक्त भूमि आवंटन रद्द किया जाने की मांग जिला प्रशासन से की हैं।

## खबर संक्षेप

### गिरधारी नगर में बारिश पूर्व महासफाई अभियान

**दुर्ग।** बारिश से पहले चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत वार्ड 09 गिरधारी नगर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान नालियों की सफाई कर कचरा उठाया गया। निगम कमिश्नर सुमीत अग्रवाल ने एमआईसी सदस्य व पार्षद ज्ञानेश्वर ताम्रकर, नरेंद्र बंजारे, प्रभारी नीलेश अग्रवाल, पूर्व पार्षद दिनेश देवांगन, उपअभियंता विनोद मांझी के साथ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। कमिश्नर ने गिरधारी नगर नाले-नालियों की वृहद रुप से सफाई के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि मानसून के पहले शहर के सभी 60 वार्डों, जलभराव वाले इलाकों में वृहद सफाई अभियान चलाया जा रहा है। नाली सफाई के दौरान दिक्कत होने पर पुराने ओर बंद हो चुके नल कनेक्शन को हटवाए जाएंगे।

### आयुक्त ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

**दुर्ग।** बारिश से पहले चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत वार्ड 09 गिरधारी नगर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान नालियों की सफाई कर कचरा उठाया गया। निगम कमिश्नर सुमीत अग्रवाल ने एमआईसी सदस्य व पार्षद ज्ञानेश्वर ताम्रकर, नरेंद्र बंजारे, प्रभारी नीलेश अग्रवाल, पूर्व पार्षद दिनेश देवांगन, विनोद मांझी के साथ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। कमिश्नर ने गिरधारी नगर नाले-नालियों की वृहद रुप से सफाई के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि मानसून के पहले शहर के सभी 60 वार्डों, जलभराव वाले इलाकों में वृहद सफाई अभियान चलाया जा रहा है। नाली सफाई के दौरान दिक्कत होने पर पुराने ओर बंद हो चुके नल कनेक्शन को हटवाए जाएंगे।

### अतिक्रमण हटाने का निर्णय साहसिकः डॉ. उमरे

**दुर्ग।** पूर्व एल्डरमैन भाजपा नेता डॉ प्रतीक उमरे ने दिखावेबाजी के लिए शिविर लगाने एवं महापौर अल्का बाघमार के महासफाई अभियान पर अनर्गल बयानबाजी करने पर पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल के बयान पर कहा कि महापौर अल्का बाघमार की कार्यप्रणाली से कांग्रेसियों की नींद हराम हो गई है क्योंकि पिछले पांच वर्षों में दुर्ग शहर में अतिक्रमण बढ़े हैं जो कांग्रेसियों की शय पर किए गए हैं। पूर्व महापौर ने इस पर कोई ठोस कार्यवाही करने की जगह इसे बढ़ावा देने का कार्य किया था।

## दुर्दशा : पर्याप्त स्टॉफ नहीं होने से मरीजों की बढ़ रही परेशानी

# उतई सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बीमार एंबुलेंस के बिना मरीज हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला मुख्यालय से महज 25 किमी दूर उतई का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खुद ही बीमार हैं। तीन लाख की आबादी वाले इस गांव में अस्पताल से इलाज कम, मरीजों को दर्द ही मिल रही है। ग्रामीण लगातार अस्पताल में सुविधा देने डाक्टर और एंबुलेंस सहित जरूरी सुविधाओं की मांग कर चुके है। इसके बाद भी व्यवस्था सुधारने के बजाय ग्रामीणों के लिए यह परेशानी का सबब बन गया है। हरिभूमि ने यहां पडताल करने पर पाया कि, अस्पताल में न पर्याप्त डॉक्टर हैं और न ही मूलभूत सुविधाएं हैं। यहां तक आपात स्थिति में मरीज को चिकित्सालय तक पहुंचाने के लिए एक अदद एम्बुलेंस तक नहीं है। छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर होने का दावा सरकारें करती हैं, लेकिन दुर्ग जिले का ग्राम चिकित्सालय की हकीकत सरकार को मुंह चिढ़ा रही हैं। ग्रामीणों ने बताया कि, गांव में जब अचानक किसी की तबिशत खराब हो जाए तो लोगों को अस्पताल तक पहुंचने साधन के लिए भागना पडता हैं। आपात स्थिति में मरीज को चिकित्सालय तक पहुंचाने के लिए एक अदद एम्बुलेंस तक नहीं है।

## न पर्याप्त डॉक्टर हैं और न ही मूलभूत सुविधाएं, स्वास्थ्य सुविधा की खुली पोल




### अस्पताल में सफाई का भी अभाव कई दिनों तक नहीं बदली चादर

अस्पताल देखने से ऐसा लगा कि, पिछले कई दिनों से बेड की चादर ही नही बदली गई हैं। यहां बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था के लिए जनरेटर है, लेकिन एक साल से खराब है। अस्पताल के कई कमरों में बिजली की वायरिंग इतनी पुरानी और जर्जर हो गई है। हर समय शॉर्ट सर्किट का खतरा मंडराता रहता है, वहीं अस्पताल के वार्डों में साफ-सफाई का बुरा हाल है।

### भीषण गर्मी में उबलने को मजबूर, मरीजों पर दुर्दशा की मार, एंबुलेंस भी नहीं

झेल रहे उतई के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में जिम्मेदार भी इस अव्यवस्था के बीच समय कांटने अपने रूटीन में शामिल कर चुके हैं। स्वास्थ्य केन्द्र के उस वार्ड में भर्ती मरीजों के लिए न पर्याप्त लाइटें हैं और न ही फैन की सुविधा है। भीषण गर्मी में मरीज उबल रहे है। मरीज 40 से 45 डिग्री तापमान में बिना लाइट और फैन रहने को मजबूर हैं। हद तब हो रही है जब मरीज को यदि एक्स रे करवाना है तो उसकी फिल्म उसे खुद लानी होगी। यही नहीं, आपात स्थिति में मरीजों को अस्पताल लाने के लिए सबसे जरूरी सुविधाओं में से एक एंबुलेंस की व्यवस्था तक नहीं है।

### अस्पताल में डॉक्टरों की भर्ती नहीं

उतई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कुल 10 डॉक्टर्स होने चाहिए। जिसमें 5 मेडिकल ऑफिसर और 5 स्पेशलिस्ट, लेकिन यहां सिर्फ 3 डाक्टर ही पदस्थ है। स्टाफ की कमी से यहां बच्चों का इलाज भगवान भरोसे चल रहा है। यहां 2 मेडिकल ऑफिसर, 1 स्पेशलिस्ट, शिशु रोग, हड्डी रोग विशेषज्ञ पद रिक्त हैं।

### हमर लैब के स्टोरेज रूम में लटक रहा है ताला

ग्राम चिकित्सालय में स्वास्थ्य संबंधी जरूरी जांच के लिए अस्पताल परिसर में हमर लैब संचालित है। हमर लैब में ब्लड स्टोरेज रूम है, लेकिन उचित संसाधनों के अभाव में हमेशा ताला लटका रहता है। 1 साल से रिएजेंट नहीं होने खून संबंधी जांच नहीं हो रही है। लैब में किडनी फंक्शन टेस्ट, लीवर फंक्शन टेस्ट इसलिए नहीं हो रहें, क्योंकि लैब इंजार्च पद रिक्त है।

# उपादान की राशि किश्तों में नहीं एकमुश्त देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग




महापौर परिषद ने 300 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके उपादान की राशि देने की घोषणा की है। जिसका सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि

■ सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने किश्तों पर देने का जताया विरोध

आनेवाले माह के अंदर उपादान की राशि उन्हें मिल जाएगी। निगम के सेवानिवृत सुखदेव, अनिल मनहरे, जगदीश सूर्या, रोहिणी बाई , देवकी बाई, प्रीति कटझोरी, बुधराम मेश्राम, शहनाज बेगम, पुरुषोत्तम अहीर, कुमारीबाई चंद्राकर, निर्मला बी, कचराबाई सोनी सहित सैकड़ों कर्मचारियों ने कहा है कि उन्हें उनकी उपादान की राशि किश्तों में नहीं एकमुश्त राशि चाहिए। एकमुश्त राशि नहीं दिए जाने और बिना ब्याज के उपादान राशि भुगतान किये जाने पर आपत्ति जताई है। इस संबंध में कर्मचारियों ने कहा कि हमारे उपादान की राशि को निगम ने 5, 10,15 वर्ष रोक कर पहले ही हमे नुकसान पहुंचा दिया है। परंतु अब जब उपादान की राशि देने का मन बना लिया गया है तो अब एकमुश्त राशि हमे दिया जाना चाहिए। कर्मचारियों ने बताया कि निगम कार्यालय के सूत्रो से पता चला है कि उपादान की राशि किश्तों में दिया जाएगा । यह भी बताया जा रहा है कि जो पैसा देगा उसका पूरा पैसा निकलेंगे। कर्मचारियों ने बताया कि हमारे उपादान की एकमुश्त राशि पहले दे दी जाती तो भविष्य के लिए हम बैंक में एफडी कर सकते थे उसका उन्हें हजारों रुपए ब्याज मिलता । नगर निगम दुर्ग ने अभी जो सूची जारी की है उसमें जितना उपादान की राशि बनी थी उतना ही राशि देने उल्लेख किया गया है । इतने वर्ष के बाद भी एक रूपए ब्याज नहीं दिया जा रहा है । जिस पर हम सभी सेवानिवृत्ति कर्मचारियों ने आपत्ति जताई है।

### तल से की जाए नालियों की सफाई -महापौर

**दुर्ग।** नगर निगम द्वारा चलाये जा रहे महासफाई अभियान के तहत वार्ड 30 इंदिरा मार्केट क्षेत्र में चलाया गया। अभियान के अंतर्गत स्वयं महापौर अलका बाघमार ने क्षेत्र की नाली की सफाई कराई। नाली की विगत महीनों से सफाई नहीं कराई गई। महापौर श्रीमती बाघमार ने सभापति श्याम शर्मा एवं अपनी एमआईसी टीम व पार्षदों के साथ पूरे वार्ड 30 क्षेत्र का भ्रमण कर वार्ड की नाले-नालियों की तले से सफाई कराने के निर्देश दिए।

# सहकारिता दिवस पर बोरीगारका सोसायटी में पंचायत प्रतिनिधियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत बोरीगारका के धान संग्रहण केंद्र में सभी पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान समारोह का आयोजन सोसायटी के अध्यक्ष सूखीत राम यादव के नेतृत्व में रखा गया था। जिसमें चार गांव बोरीगारका, पववारा , पुरई और करगाडीह से किसान एवं जनप्रतिनिधि सम्मिलित हुए। जिनका सम्मान किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर श्रद्धा पुरेंद्र साहू सभापति उद्योग एवं सहकारिता विभाग जिला पंचायत दुर्ग विशेष अतिथि राकेश हिरवानी उपाध्यक्ष जनपद पंचायत एवं जनपद सदस्य झमित गायकवाड, ग्राम-बोरीगारका के सरपंच चुम्मन लाल यादव, उप सरपंच सहित समस्त पंच गण उपस्थित थे साथ ही करगाड़ीह के सरपंच करण सेन एवं उनके पंचगण तथा ग्राम पुरई सरपंच डोमार सिंह साहू उप सरपंच शीतला ठाकुर एवं समस्त पंच गण उपस्थित थे। मुख्य अतिथि श्रद्धा साहू द्वारा सम्मान समारोह आयोजित करने के लिए सोसायटी के अध्यक्ष सूखीत राम यादव एवं समस्त अधिकारी, कर्मचारी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए किसानों के हित और केंद्र और राज्य सरकार के समस्त योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने की अपील की गई।

■ सहकारिता दिवस पर संग्रहण केंद्र में आयोजन

# राजाराम मोहन राय की जयंती पर शिक्षा के लिए किया प्रेरित




हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर के उरला अटल आवास वार्ड 57 में हंसराज नवयुवक मंडल द्वारा निर्धन, अशिक्षित, वंचित नागरिकों को भारत के महान समाजसेवी राजाराम मोहन राय की जीवनी, कार्यों की जानकारी व शैक्षणिक सामाग्रियों का वितरित कर शिक्षा के लिए प्रेरित करते हुए जन्मदिन मनाने का निर्णय लिया। जिसमें छविकांत बाघे, जया पांडे, हेमलता वाहने, शैलेष घरडे, सहदेव निषाद, मीना सिंह, लक्ष्मण सिंह, नाजमीन खान, जितेन्द्र वाघमारे, विनीत चौरे, सुनील क्षत्री व जयवर्धन समाजसेवी उपस्थित रहें। मुख्य अतिथि जीवनदान संस्था के महासचिव व मार्शल आर्ट प्रशिक्षक योगेश्वर मानिकपुरी व राकेश देवांगन रहे। विशेष अतिथि अधिवक्ता राकेश यदु थे।

# महापौर ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कर बच्चों का कराया अन्नप्राशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



शासकीय प्राथमिक शाला वार्ड 52 बोरसी में सुशासन तिहार के तहत महिला बाल विकास विभाग दुर्ग शहरी अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की गोद-भराई व बच्चों का अन्नप्राशन महापौर अलका बाघमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर आयुक्त सुमित अग्रवाल सभापति श्याम शर्मा, लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर,महिला बाल विकास प्रभारी श्रीमती शशि द्वारिका साहू, एमआईसी मनीष साहू, निलेश अग्रवाल, लीलाधर पाल, संजय अग्रवाल,साजन जोसफ मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त शिविर स्थल में 30 किशोरी बालिकाओं का हीमोग्लोबिन जाँच भी किया गया। शिविर स्थल में दुर्ग शहरी परियोजना से परियोजना अधिकारी तथा सभी सेक्टर सुपरवाइजर उपस्थित थे। महिला बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती माताओं का गोद भराई व नन्हे-मुन्हे बच्चो को अन्नप्राशन कराया साथ ही महापौर श्रीमती बाघमार ने कार्यक्रम में चार गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की। इन महिलाओं को फल, दूध और पोषण सामग्री भेंट की गई। साथ ही दो शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न हुआ। बच्चों को पौष्टिक आहार खिलाकर स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूक किया गया। महापौर श्रीमती बाघमार ने कहा कि सरकार प्रत्येक शहर क्षेत्रों में इस कार्यक्रम के माध्यम से नौनिहालों को अन्नप्राशन कराया जा रहा है। इसके अलावा गर्भवतियों की गोद भराई कराई जा रही है, राज्य सरकार में विभिन्न योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के सीधे आमजन को मिल रहा है।

■ बच्चों को खिलाया पौष्टिक आहार

## कार्यक्रम स्थल में डोम निर्माण के लिए 25 लाख रुपए की घोषणा

# संत कबीर ने बताया जीवन जीने का आचरणः डिप्टी सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले के पाटन विकासखंड के ग्राम सेलूद के बावाकुटी में स्थित कबीर आश्रम में आयोजित दो दिवसीय संत समागम में उप मुख्यमंत्री

■ संत समागम कार्यक्रम में शामिल हुए डिप्टी सीएम साव

अरुण साव सम्मिलित हुए। कबीर आश्रम के मुखिया व साहित्य वेदांताचार्य महंत सुकृत दास शास्त्री द्वारा आयोजित इस संत समागम में सांसद विजय बघेल विशिष्ठ अतिथि के रूप में शिरकत की।






इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि आज आश्रम में आकर संत और आप सभी का आशीर्वाद लेने का अवसर मिला है। संत समाज को मार्गदर्शन देते है। संत कबीर ने जीवन जीने का आचरण बताया है। कबीर की वाणी आज भी प्रासंगिक है। आप सभी संत कबीर की वाणी को जन-जन तक पहुंचाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। देश की तरक्की के लिये समाज का जागरूक होना जरूरी है। आज सरकार चाहे देश की हो या प्रदेश की, लोगों के आर्थिक स्तर को ऊंचा उठाने और परिवार को आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रही है। संतों के आशीर्वाद से यह काम भी पूरा होगा। मंत्री श्री साव ने संतों की मांग पर आश्रम के कार्यक्रम स्थल में डोम निर्माण के लिए 25 लाख रूपए की घोषणा की। साथ ही अन्य मांगों को भी पूरा करने का भरोसा दिलाया।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद विजय बघेल ने कहा कि विगत 60 वर्ष से इस आश्रम में संत समागम का आयोजन होते आ रहा है। उन्होंने सभी संतों का अभिवादन किया। सांसद ने कहा कि कबीर के वाणी में ईश्वर का वास था। कबीर की वाणी आज भी जीवंत है। हम सभी को कबीर के बताये मार्ग को जीवन में आत्मसात करना है। सांसद श्री बघेल ने आश्रम में स्नानागार और शौचालय निर्माण का कार्य शीघ्र पूरा कराने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कबीर के अनुयायी उपस्थित थे।

# डिपरापारा में चला नाली महासफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



महासफाई अभियान के अंतर्गत सभापति श्याम शर्मा, पार्षद गुलाब वर्मा के साथ वार्ड 39 में चलाए गए अभियान के तहत स्वयं महापौर अलका बाघमार ने उपस्थित होकर नालियों की सफाई कराई। उन्होंने सभापति श्याम शर्मा एवं एमआईसी के पूरे प्रभारियों के साथ पूरे वार्ड का भ्रमण किया व सफाई सुपरवाइजर व कर्मचारियों को जरूरी निर्देश दिये। स्लेब हटवाकर सफाई कराने के निर्देश दिये। उन्होंने वार्ड 39 क्षेत्र स्थित विजय नगर सहित अन्य जगहों पर नालियों की बेहतर सफाई के निर्देश दिए। उन्होनें चेतावनी दी कि यदि घर के बाहर नाली के ऊपर स्लैब हटाकर लोहे की जाली नहीं हटाई तो कार्रवाई की जायेगी। महासफाई अभियान के अंतर्गत क्षेत्र डिबरा पारा, बैधनाथ पारा, विजय नगर सहित क्षेत्र का भ्रमण किया गया। उन्होंने साथ चल रहे अधिकारियों को सभी जगह की नालियों निगरानी में रहकर सफाई करवाने की बात कही।

## खबर संक्षेप

### अभिनव ने 97.80 अंक अर्जित किए

**भिलाई।** डीपीएस रिसाली कक्षा 10वीं सीबीएसई के छात्र अभिनव



ने 97.80 प्रतिशत अंक अर्जित कर पिता मोहन सिंह, माता पुष्पा सिंह सहित डीपीएस स्कूल का नाम गौरवान्वित किया है। अभिनव के पिता मोहन सिंह बीएसपी में इलेक्ट्रीक विभाग में कार्यरत है। उनके इस सफलता पर स्कूल प्रबंधन एवं शिक्षकों ने बधाई दी है।

### आदिवासी समाज के बहादुर सिंह बने मुड़ादार



**उतई।** आदिवासी धुर्वे गोंड समाज और मुडा परिक्षेत्र क्षेत्र उतई का चुनाव बुढादेव मंदिर में संपन्न हुआ। चुनाव प्रभारी पूर्व मुडादार हरिशंकर ठाकुर, ठाकुर तहसील अध्यक्ष चुरामन कतलम, तहसील महासचिव डीएस धुर्वे एवं महावीर ठाकुर के सानिध्य में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम बुढ़ादेव मंदिर में पूजा अर्चना की पूजा अर्चना के पश्चात अपने-अपने गांव के पंचोका चुनाव किया गया। पंचों को चुनाव करने के बाद पंचों के द्वारा मुडादार का चयन किया गया। समस्त पंचों की उपस्थिति में एवं चुनाव प्रभारी की उपस्थिति में सर्वसम्मति से मुडादार पांच गांव के बहादुर सिंह नेताम को चुना गया। इस अवसर पर विषय लाल ठाकुर, शालिग्राम ठाकुर, घनश्याम सिंह मंडावी, चुरामन, भूपेंद्र कुमार, प्रभु लाल, नेम, अजय कोर्राम, प्यारेलाल नेताम, चंद्रजीत ठाकुर, सुखनंदन लाल ठाकुर, चंद्र कुमार ठाकुर, सरोज ठाकुर, दामिनी नेताम सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### रोड मुआवजा दिलाने नारद ने उपमुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



**जामगांव आर।** दुर्ग जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 के आने वाले बटरेल से धमना, नवागांव रोड का मुआवजा विगत दो वर्षों से नहीं मिल पा रहा है। परेशान किसान चक्कर लगा रहे है किसानों की परेशानी को भांपते हुए जिला पंचायत के सभापति कल्पना साहू के प्रतिनिधि नारद साहू अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा दक्षिण पाटन, अभिषेक सेन मीडिया प्रभारी भाजयुमो दक्षिण पाटन ने छत्तीसगढ़ सरकार के उपमुख्यमंत्री अरुण साव से भेंटकर ज्ञापन सौंपे और किसानों की आक्रोश से अवगत कराया।

## निधन

### दिवाकर सिंह गहरवार

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के दूरसंचार विभाग से सेवानिवृत



क्षत्रिय कल्याण सभा भिलाई नगर के संस्थापक सदस्य 158 एफ कैम्प 1 निवासी दिवाकर सिंह गहरवार उम्र 72 वर्ष का निधन ग्राम अटारी जिला रीवा मध्य प्रदेश में हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में ही किया गया। वे कमला सिंह के पति एवं मंगल सिंह के पिता थे।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार डिकेश सोनकर एवं कु० जागृति सोनकर दोनों आ. स्व. जागेश्वर उर्फ जग्गू सोनकर नाबालिग की ओर से वलि संरक्षिका माता श्रीमती मंजू सोनकर ध.प. स्व. जागेश्वर उर्फ जग्गू सोनकर स्थायी निवासी-समयलाल सोनकर का मकान धमधा बस स्टैण्ड के पीछे धमधा जिला- दुर्ग, हालमुकाम-राजनांदगांव (छ. ग.) के दादा समयलाल आ. साऊ सोनकर निवासी धमधा के द्वारा खसरा नंबर 534/1, 821/1, 861/5 रकबा 0.22 डि., 0.04 डि. एवं 0.07 डि. कुल रकबा 0.33 डिसमिल को मेरे नाबालिग पक्षकार के हित को कुठाराघात पहुंचाने के लिए उपरोक्त वर्णित भूमि को भुनेश्वर सोनकर के साथ मिलकर विक्रय करने का सौदा किया जा रहा है। उक्त भूमि पैतृक होने से मेरे उपरोक्त वर्णित नाबालिग पक्षकार का हित निहित है। जो कोई इस आम सूचना के प्रकाशन के बाद उपरोक्त भूमि का सौदा करता है या क्रय करता है तो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

सूचना जाने।

दिनांक - 17/05/2025

अधिवक्ता वास्ते सूचनादाता
**विष्णु प्रसाद साव** (अधिवक्ता)
मो० नंबर- 7049619209, 8602655508

## भाजपा जामगांव आर मंडल स्तरीय संगठनात्मक सम्मेलन का हुआ आयोजन

# संगठन की संकल्पित कार्य शैली से जनता की सेवा के लिए मिलती है सत्ताः सुरेन्द्र कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

भारतीय जनता पार्टी जामगांव आर मंडल स्तरीय संगठनात्मक सम्मेलन का आयोजन टेमरी विश्राम गृह में शुक्रवार को जामगांव आर हुआ। जिसमें भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। जिसमें भाजपा दुर्ग के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक का प्रथम आगमन हुआ। बैठक में विशिष्ट अतिथियों भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, पूर्व विधायक गुंडरदेही डॉ. दयाराम साहू, भाजपा दुर्ग के जिला उपाध्यक्ष दिलीप साहू, जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक, उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष खेमलाल साहू, भाजपा के युवा नेता दीपक चोपड़ा, महिला मंडल अध्यक्ष शैलेंद्री मंडावी, पूर्व मंडल अध्यक्ष धनराज साहू, मंडल कोषाध्यक्ष निर्मल जैन, मंडल उपाध्यक्ष टेसराम साहू, नेतराम निषाद, पूर्व महामंत्री प्रमोद जैन, नरेश केला, अभयराम ठाकुर, रामकुमार चंद्राकर की उपस्थिति रही।

वहीं मण्डल अध्यक्ष कमलेश साहू ने संगठनात्मक मजबूती, आगामी योजनाओं एवं जमीनी कार्यों की समीक्षातमक जानकारी देते हुए वाणिमय स्वागत किए। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि सत्ता और संगठन का तालमेल अच्छा सा बैठाकर आमजनता को लाभान्वित करने के लिए सभी स्तर का भाजपा संगठन सतत संपर्क अभियान चला रही है जो कंठमुक्त सराहनीय है।

**भाजपा कार्यकर्ता छत्तीसगढ़ को गुजरात मॉडल बनाएंः जितेन्द्र**



### पंच से पॉर्लियामेंट तक सत्तासीन होने में भाजपा कार्यकर्ता हुए कामयाब

भाजपा दुर्ग जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंच से पार्लियामेंट तक भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार बनाने में काबिले तारीफ भूमिका निभाई है जो कंठ मुक्त सराहनीय है। उन्होंने कहा कि बूथ मजबूत होने से पार्टी और कार्यकर्ता का मजबूत होना तय है। मजबूत संगठन और मजबूत सत्ता जब जनहित के बारे में सोचती है तब अंतिम व्यक्ति मुख्यधारा में शामिल होने लगती है। श्री कौशिक ने कहा कि संगठन से सत्ता की राह निकलती है। सत्ता और संगठन का भरपूर लाभ आम जनता को मिलना चाहिए। संगठन की संकल्पित कार्यशैली से जनता की सेवा के लिए मिलती है सत्ता। उन्होंने कहा कि आज बड़े-बड़े पदों पर आसीन होकर सेवा करने वाले नेता कभी आप हम जैसे सामान्य कार्यकर्ता भी थे कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री या उच्चे पदों पर आसीन होने का अवसर भारतीय जनता पार्टी में मिलती है क्योंकि यह परिवार वाद वाली पार्टी नहीं है।

### बूथ अध्यक्ष का सतत जनसंपर्क जरूरी

पूर्व विधायक डॉ. दयाराम साहू ने कहा कि जनता की समस्या संगठन के माध्यम से सत्ता तक पहुंचाकर काम कराने में सभी को रुचि लेनी चाहिए।तभी जनता की अपेक्षा में खरा उतरा जा सकेगा। बूथ अध्यक्ष का सतत जन संपर्क जरूरी है। प्रभारी पूर्व मंडल अध्यक्ष खेमलाल साहू संगठन की श्रृंखलात्मक पद्धति पर प्रकाश डाला। वहीं जिला उपाध्यक्ष दिलीप साहू ने प्रभावी मार्गदर्शन दिए। सम्मेलन में 40 ग्रामों के बूथ अध्यक्ष नवनिर्वाचित सरपंच, पंच, सोसायटी अध्यक्ष गण सहित सभी स्तर के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। वहीं जिला भाजपा पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने बूथ मजबूत बनाकर सतत विजय का शंखनाद करते हुए गुजरात मॉडल बनाने की नसीहत दिए। उन्होंने एक राष्ट्र एक चुनाव को देश हित में बताया। वर्मा ने अनुशासनहीनता से बचने की सलाह दिए। जनपद पंचायत पाटन अध्यक्ष कीर्ति नायक ने कहा कि हमारे प्रधान सेवक की नीति साफ सुथरी है अच्छा काम होना तय है। निधि के साथ-साथ अन्य विधि से भी जनता की भरपूर सेवा करेंगे। सम्मेलन में युवा भाजपा नेता योगेश्वर साहू, बेनीराम साहू] डॉ. राजेश बंछोर, रूपसिंह, पूर्णेंद्र सिन्हा, बाबा वर्मा, खुमान जांगड़े, डॉ. हिमाचल साहू, देवानंद देवांगन, मुरली वैष्णव, डोमार महोबिया, अंगेश्वर साहू आदि उपस्थित थे।

## कुर्मी समाज के प्रतिभावान बच्चों को किया जा रहा सम्मानित



**सेलूद।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा गत दिनों 10वीं और 12वीं के नतीजे जारी किए गए जिसमें परीक्षा परिणाम में पाटन राज के बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया। इन बच्चों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करने मनवा कुर्मी समाज पाटन राज प्रधान युगल किशोर आडिल ने मुलाकात की बच्चों से मिलकर बधाई दी। आडिल ने कक्षा दसवीं में उत्तीर्ण निखिल वर्मा पिता नंदकुमार वर्मा फुंडा 90.66 प्रतिशत, भाविका वर्मा पिता रमेश वर्मा 87.66 दरबार मोखली, हर्ष वर्मा पिता महेश वर्मा 86.66% चंगोरी, आरायाना बंछोर पिता उमेश बंछोर दरबारमोखली, सिद्धार्थ वर्मा पिता ईश्वरी वर्मा 84% नवागांव, हिमानी वर्मा पिता राजेश वर्मा 85% सोरम, सृस्टि वर्मा पिता गोल्डी वर्मा 97% रानीतराई, वर्षा वर्मा पिता 89.33% पंदर और बारहवी में मयंक कुमार नायक पिता 84.8% डीड़गा, शिवांगी वर्मा पिता धर्मेंद्र वर्मा रवेली 82% अंक अर्जित करने वाले बच्चो और पालको से मिलकर बधाई दिये। बधाई देने वालो में राजमंत्री केदार कश्यप, युवाध्यक्ष राकेश आडिल, उपाध्यक्ष विपिन बंछोर, धीरेन्द्र वर्मा, महिलाध्यक्ष रंजना वर्मा, जितेश वर्मा, नीलमणि वर्मा, कुबेर वर्मा, रेमन वर्मा, शेखर वर्मा, अश्वनी वर्मा के सहित स्वजातीय उपस्थित थे।

## सैनिकों के सम्मान में हुई गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

ऋतंभरा साहित्य समिति के तत्वावधान में काव्य गोष्ठी का आयोजन प्रेस क्लब सभागार कुम्हारी में किया गया। अतिथियों द्वारा भारत माता और ज्ञान की देवी मां सरस्वती के छायाचित्रों के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अंचल के प्रसिद्ध जस गीतकार उभयराम साहू 'बहती दरिया' ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि मीना वर्मा अध्यक्ष नगर पालिका कुम्हारी ने देश की सेना के सम्मान में आयोजित इस गोष्ठी की सराहना करते हुए सेना के शौर्य और पराक्रम को नमन किया। उन्होंने कहा कि देश और समाज को दिशा देने वाले रचनाकारों और पत्रकारों के लिए बुनियादी सुविधाओं का ध्यान रखा जाएगा और पालिका की ओर से उनकी समस्याओं का हर संभव निदान किया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने तीन कवियों संस्था अध्यक्ष नारायण वर्मा, कोषाध्यक्ष विक्रम शाह ठाकुर, कार्यकारिणी सदस्य ओमवीर करन को जन्मदिन के अवसर पर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ऋतंभरा साहित्य समिति की ओर से तीनों कवियों के जन्मदिन पर केक काटा गया तथा उन्हें शाल, श्रीफल, स्मृति चिह्न, कलम, साहित्य सामग्री भेंटकर सम्मानित किया गया। ऋतंभरा साहित्य समिति के अध्यक्ष नारायण वर्मा ने भारत माता को समर्पित अपनी मार्मिक और संवेदनशील कविता 'माँ' का पाठ किया। कविता के



■ ऋतंभरा साहित्य समिति ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

माध्यम से उन्होंने भटके हुए नौजवानों को मुख्यधारा में शामिल होने का संदेश दिया कि हम ऐसा कोई कार्य न करें जिससे माँ को शर्मिन्दा होना पड़े। प्रेस क्लब के सहयोग से आयोजित इस गोष्ठी को क्लब के अध्यक्ष विक्रम शाह ठाकुर ने संबोधित करते कहा कि साहित्य और पत्रकारिता एक दूसरे के पूरक हैं। सियान सदन के अध्यक्ष, साहित्यकार मुरारीलाल साव ने रचनाकारों से आह्वान किया कि आप अपनी लेखनी से देश और समाज की पीड़ा को उकेरें। सुरेश वाहने ने व्यंग्य कविता 'डूब डूब जाओ' का पाठ करते हुए दिशाहीन नेताओं को आइना दिखाया। गोष्ठी में बड़ी संख्या में साहित्यकार, पत्रकार, बुद्धिजीवी, जनप्रतिनिधि और सुधि श्रोतागण उपस्थित थे, जिनमें मुख्य रूप से डा. आनंद मोहन, जितेन्द्र कुशवाहा, शैलेन्द्र खरे, ऋषि साहू, ध्रुव नायक, महेन्द्र अग्रवाल, नवीन दुबे आदि शामिल हैं।

## छत्तीसगढ़ तबादला नीतिः 2022 के बाद से अब तक कर्मचारियों का ट्रांसफर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद



छत्तीसगढ़ के सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों को बड़ी राहत दिलाने के उद्देश्य से कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने राज्य में वर्षों से लगे स्थानांतरण प्रतिबंध को हटाने की मांग की है। इस संबंध में फेडरेशन के प्रदेश संयोजक कमल वर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और मुख्य सचिव को पत्र लिखकर जल्द से जल्द नवीन स्थानांतरण नीति लागू करने की मांग की है। प्रदेश संयोजक कमल वर्मा ने कहा कि वर्ष 2022 में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा स्थानांतरण नीति तो जारी की गई थी, लेकिन इसके तीन वर्ष बीतने के बाद भी राज्य सरकार द्वारा स्थानांतरण पर लगे प्रतिबंध को नहीं हटाया गया है। इससे प्रदेश के हजारों शासकीय कर्मचारी मानसिक, पारिवारिक और सामाजिक रूप से परेशान हो रहे हैं। फेडरेशन ने उठाए ये प्रमुख मुद्दे फेडरेशन ने अपने पत्र में निम्न तीन प्रमुख मांगें रखीं हैं जिसमें वर्तमान नीति में पति-पत्नी दोनों यदि शासकीय सेवक हैं, तो उनके एक ही स्थान पर पदस्थापना की कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं है। इससे दंपती दूर-दूर स्थानों पर कार्यरत होने के कारण पारिवारिक जीवन में असंतुलन उत्पन्न हो रहा है। पूर्व में मान्यता प्राप्त संगठन पदाधिकारियों को स्थानांतरण में छूट दी जाती थी, लेकिन वर्तमान स्थानांतरण नीति में इसका उल्लेख नहीं है। मध्यप्रदेश की नीति में यह व्यवस्था आज भी लागू है, जिसे छत्तीसगढ़ में भी शामिल किया जाना चाहिए। दिव्यांग, कैंसर, हार्ट सर्जरी, किडनी ट्रांसप्लांट जैसे गंभीर रोगों से पीड़ित कर्मचारियों को स्थानांतरण में प्राथमिकता दी जाए, ताकि वे बेहतर इलाज व पारिवारिक सहयोग प्राप्त कर सकें।

■ स्थानांतरण प्रतिबंध हटाने को लेकर कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव को भेजा पत्र

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली तिरंगा यात्रा



**अंडा।** भारतीय सेना के वीर जवानों के अदम्य शौर्य और पराक्रम को सम्मान देने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों के गावों में देवरी ख, खप्परवाड़ा, डौकीडीह, सिरसिदा, गोरकापार, सकरौद, राहुद, परसाही, रनचिराई, भाठागांव होते हुए वापस ओटेबंद पहुंचा। इस अवसर पर भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष लेख राम साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ठाकुर राम चंद्राकर, अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरूषोतम लाल चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहू, जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी, महामंत्री हेमंत साहू, तुलेश्वर चंद्राकर पूर्व सांसद प्रतिनिधि थानसिंह मंडावी, मण्डल उपाध्यक्ष प्रमोद पटेल आदि उपस्थित थे।

### सिरसिदा जगभाठा यज्ञ स्थल में समाधान शिविर आयोजित

# सुशासन तिहार समस्याओं के समाधान का सशक्त माध्यम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम पंचायत सिरसिदा जगभाठा यज्ञ स्थल में गुंडदेही ब्लॉक के 16 ग्राम पंचायत के समाधान शिविर आयोजित की गई। सुशासन त्योहार समस्याओं के समाधान का सशक्त माध्यम आवेदकों के मांग एवं शिकायतों का समाधान हो रहा है। इस शिविर में संबंधित पंचायतों का विभिन्न आवेदन निराकृत किया गया। प्राप्त आवेदन का विभागीय अधिकारियों द्वारा गुणवत्ता पूर्वक निराकरण कर समाधान शिविर के माध्यम से आवेदकों को अवगत कराया जा रहा है। इस शिविर में शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। समाधान शिविर में प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति पत्रक, ऋण पुस्तिका पत्रक, कृषक को किसान क्रेडिट कार्ड, बच्चों को सुपोषण कीट, किसानों को खाद




बीज, आयुष्मान कार्ड वितरण, श्रवण यंत्र वितरण, मनरेगा जाब कार्ड वितरण, शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने हितग्राहियों को सामग्री वितरण किया। इस समाधान शिविर में भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणि पुष्पेन्द्र चंद्राकर, पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू, जनपद अध्यक्ष पुरूषोतम लाल चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ठाकुर राम चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहू, युवराज मार्कण्डेय, प्रमोद जैन, जनपद सदस्य गुलशन कुमार साहू, संध्या खरे, हेमलता देशलहरा, हेमपुष्पा साहू, कौशल किशोर साहू, अश्विनी कटहरे, भाजपा नेता अश्विनी यादव, अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, मुख्यकार्यपालन अधिकारी सहित सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर पूर्व विधायक विरेंद्र साहू ने कहा कि यह शिविर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य शासन की योजनाओं एवं सेवाओं को आम जनता तक पारदर्शिता और प्रभावशीलता के साथ पहुंचाना है। शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों की जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया तथा हितग्राहियों को प्रमाण पत्र एवं लाभ प्रदान किए गए।

### संबंधित प्रकरण को तत्काल निराकरण करे

भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का विभाग वाइस सर्वे करे और प्राथमिकता क्रम में संबंधित प्रकरण को तत्काल निराकरण करे। अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरुषोत्तम चन्द्राकर ने कहा कि सुशासन तिहार का मूल उद्देश्य प्रशासन को जनता के द्वार तक ले जाना है। उन्होंने कहा, हमारा संकल्प है कि राज्य के हर नागरिक तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुँचे और कोई भी पात्र हितग्राही वंचित न रहे। इस शिविर में विशेष ओटेबंद भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहू, इन्द्र जीत चन्द्राकर, जीवन साहू सरपंच का विशेष सहयोग रहा।

## अंचल की खबरें

### जामगांव आर में निकली तिरंगा यात्रा




**जामगांव आर।** ग्राम पंचायत जामगांव आर के आह्वान पर नगर के बुद्धजीवियों मातृशक्ति एवं ग्रामीणों ने नगर में भव्यता के साथ तिरंगा यात्रा निकाली और भारत की सेना की शौर्य को प्रणाम नमन वंदन अभिनंदन, नगर ग्रामपंचायत भवन से प्रारंभ तिरंगा यात्रा बाजार रोड सदर लाइन पटेलपारा बस स्टेंड गुण्डरदेही रोड बाजार रोड होते हुए पंचायत भवन में पूर्ण हुई। किसान चौक जामगांव आर में देश भक्तों ने गगन भेदी नारा लगाकर भारत माता की जयकारा करते हुए पाक के नापाक इरादो की घोर निंदा किए। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व सरपंच रूपेंद्र शुक्ला उपसरपंच मुकेश साहू एवं सचिव नरेश महतो ने किया। तिरंगा यात्रा में आसकरण जैन, पूर्णेंद्र सिन्हा, भनेश्वरी पटेल, सुभाषणी, संगीता साहू, सुरेखा साहू, नमिता यादव, दिलेश्वरी, सुभिया, रामेश्वरी, रजनी, बहुरा, कीर्ति, खिलेश्वरी, खेमिन, मनीष जैन, प्रेमचंद, सौरभ राठी, चन्द्रकैलाश जैन, कामता प्रसाद साहू, लूणकरण जैन, सुनीता धीवर, रूपेंद्र शुक्ला सरपंच, मुकेश साहू उपसरपंच, नरेश महतो सचिव, संतोष साहू भृत्य, शरद साहू आदि शामिल हुए।

### भरदा में निकाली तिरंगा रैली, लगाए नारे



**अंडा।** ग्राम पंचायत भरदा में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक कार्यक्रम में तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें सरपंच ग्राम पंचायत भरदा सुनीता भारदीय, पूर्व सरपंच जयप्रकाश भारदीय, सचिव पिंकी वर्मा, प्रधानपाठिका ललिता देशमुख एवं शिक्षक गण कंप्यूटर ऑपरेटर प्रेमलता भारदीय, उपसरपंच देवनाथ देशमुख, पंच बिरजा यादव, चंद्रिका, भुनेश्वरी देशमुख, निर्मल देशमुख, कीर्ति ठाकुर, रोजगार सहायक सोनी, पूर्व पंच सोनबती ठाकुर, सुशील यादव लता देशमुख, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता चित्रलेखा देशमुख, विशाल देशमुख कुर्मी समाज देवराज एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम भरदा में तिरंगा यात्रा में शामिल थे।

### राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक कार्यक्रम



**अंडा।** ग्राम पंचायत आमटी मासाभाट में 'राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक' कार्यक्रम में तिरंगा यात्रा निकाली गई । जिसमें सरपंच दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी, उपसरपंच तुलाराम साहू, सचिव सोमना लाल निर्मलकर, रोजगार सहायक देवकुमार साहू, कोटवार जसवंत वर्मा, दानेश्वरी साहू, पंचगण कुशाल साहू, लेखराम साहू, सीताराम यादव, ईश्वरी साहू, कीर्ति साहू, रजनी बाई यादव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शशीकला चौधरी एवं ग्रामीणजन मोहन लाल ठाकुर, कन्हैया चौधरी, तोरन निषाद एवं अन्य ग्रामवासी शामिल हुए।

### भारतीय सेना की शौर्य पूर्ण विजय पर तिरंगा रैली



**उतई।** ग्राम पंचायत करगाडीह में भारतीय सेना की शौर्य पूर्ण विजय पर तिरंगा यात्रा ग्राम पंचायत कार्यालय से निकलकर पूरे ग्राम में भ्रमण कराया। इस दौरान सरपंच करण कुमार सेन, सचिव राजेश्वरी, रोजगार सहायक लक्ष्मी देशमुख, पंच राजकुमारी यादव, गिणेश्वरी साहू, रामेश्वरी साहू, गजानंद साहू, बसंत सोनवानी, जीवन लाल साहू ,दशरथ साहू, हेमचंद मंडले, कार्तिक साहू, जगदीश साहू आदि उपस्थित थे।

### बोरी में सैन्य बल के शौर्य को किया प्रणाम



**अंडा।** ग्राम पंचायत बोरी में प्रधानमंत्री के आह्वान पर राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक के बैनर तले तिरंगा यात्रा आन बान और शान के साथ ग्राम बोरी के गली-मोहल्ले एवं बाजार चौक से होते हुए अटल चौक पर सैन्य बल, अर्धसैनिक बल के शौर्य और साहस को प्रणाम किया गया। साथ ही माँ भारती के तैल्य चित्र पर पूजा-अर्चना किया गया। इस अवसर पर भारतीय सेना के सेवानिवृत्त सिपाही टुम्मन लाल देशमुख अपने सैन्य वर्दी के साथ तिरंगा यात्रा में उपस्थित हुए और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के रिटायरमेंट सिपाही रजऊ खत्री, भाजपा प्रवक्ता सूरज देशमुख उपस्थित हुए। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बोरी के सरपंच टेकेश्वर देशमुख, उपसरपंच नवनीत देशमुख, भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री एवं पंच दामिनी देशमुख, पंच यशोदा देवांगन, आशीष दिल्लीवार, शोभित देशमुख आदि उपस्थित थे।

### बोरई में तिरंगा यात्रा निकाली



**अंडा।** ग्राम पंचायत बोरई में तिरंगा यात्रा निकाला गया जिसमें ग्राम के सरपंच ओमेश्वर यादव, सचिव तामेश्वर साहू, रोजगार सहायक झमेंद्र देशमुख, कोटवार राजेश मेश्राम, महेंद्र कोटवार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ममता साहू, पद्मनी सिन्हा, मितानिन बिंदु साहू, रामकली साहू, पूर्व जनपद सदस्य भानबाई ठाकुर, शिव कुमारी वैष्णव, ग्रामीण तुषार साहू, जितेंद्र गुप्ता, अश्वनी साहू, पटवारी जनक राम देशलहरे, स्व सहायता समूह से ममता साहू, वीणा साहू, गोदावरी साहू, पीलेश्वरी साहू आदि उपस्थित थे।


गंजेपन का ईलाज
अत्याधुनिक तकनीक व्दारा केश प्रत्यारोपण
FUT एवं FUE तकनीक व्दारा
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

# ट्रैफिक की समस्या का खामियाजा वाहन चालकों को भुगतना पड़ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप में बढ़ रही ट्रैफिक की समस्या का खामियाजा वाहन चालकों को भुगतना पड़ रहा है। व्यस्ततम सड़कों पर ड्यूटी और स्कूल टाइम में सुबह शाम जाम के हालात के साथ दुर्घटनाएं भी बढ़ रही हैं। इसे देखते हुए सड़कों के चौड़ीकरण के साथ प्रमुख सड़कों को टूलेन किए जाने की दरकार है।

उल्लेखनीय है कि टाउनशिप में लंबे समय के बाद नगर सेवाएं विभाग द्वारा कई सड़कों और चौकों का चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। लेकिन कई अन्य व्यस्ततम सड़कें चौड़ीकरण मांग रही हैं। वहीं कुछ प्रमुख सड़कों को टूलेन किए जाने की जरुरत है। स्टील क्लब रोड और जेपी चौक - सुपेला अंडरब्रिज रोड और डीपीएस चौक व मैत्री कालेज रोड को जिस तरह डिवाइडर निर्माण कर टूलेन किया गया है, उसी तरह अन्य प्रमुख सड़कों को टूलेन किए जाने की जरुरत है। यूनियनों के मुताबिक फारेस्ट एवेन्यू, सेक्टर एक रोड, सेक्टर 6 ए मार्केट रोड, ई मार्केट एमजीएम स्कूल रोड आदि दर्जनभर से अधिक सड़कों पर ड्यूटी व स्कूल कालेज टाइमें भारी ट्रैफिक होता है। इससे जाम में वाहनों को फंसने के साथ आए दिन छिटपुट दुर्घटनाएं हो रही हैं।

## बीएसपी टाउनशिप की प्रमख सड़कों को टू लेन की जाने की जरुत



### ओवरब्रिज की सड़क की हो मरम्मत

टाउनशिप में स्टील क्लब रोड के चौड़ीकरण हो जाने से अब लोगों को ट्रैफिक से राहत मिल जाएगी। इसी तरह प्रियदर्शनी अंडब्रिज तिराहे पर भी चौक का निर्माण हो जाने से वाहनचालकों को सुविधा होगी। क्षेत्रवासियों ने बताया कि सेक्टर 8 में स्टील क्लब रोड का चौड़ीकरण किया जा रहा है। इसके साथ ही ओवरब्रिज की जर्जर सड़क के भी कांक्रीटीकरण की जरुरत है। सड़क में बड़े व चौड़े गड्ढे होने और कई ज्वाइंट कटिंग होने से वाहनों के जर्क होने से वाहनचालकों को परेशानी होती है। बुजुर्गों, बीमारों और बच्चों को परेशानी होती है।

## खबर संक्षेप



### 65 लाख का सामान पार करने वाला धरा गया

**भिलाई।** बीएसपी से लाखों रुपए का सामान पार करने वाले युवक को पुलिस ने दस साल बाद गिरफ्तार किया है। युवक के खिलाफ पुलिस ने धारा धारा 379,447,467,468,471,120इ,34, 173 (8), 25,26 छ. ग. सुरक्षा अधिनियम के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि आरोपी जामुल निवासी रवि सोनी के द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ बीएसपी प्लेटेमिल एरिया स्पेयर यार्ड से 5 नग नट पार कर दिया था। जिसकी कीमत 65 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने पूर्व में ही ट्रक सीजी 07 एव्ही 2670 को जप्त किया गया। आरोपियों ने द्वारा कूटरचित बिल्टी चालान तैयार कर अवैधानिक रूप से बीएसपी के भीतर प्रवेश कर स्पेयर यार्ड से से 5 नग नट को पार किया था। जिसमें उस्मान बेग,शशिकांत मिश्रा, अंकित तिवारी, जितेंद्र चौहान को पहले ही पकड़े जा चुके है। वहीं आरोपी रवि सोनी फरार चल रहा था।

### संयुक्त यूनियन का प्रदर्शन कल



**भिलाई।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पूरे देश में उत्पन्न हुई परिस्थितियों को देखते हुए देश की राष्ट्रीय ट्रेड यूनियनों और स्वतंत्र संघों द्वारा 20 मई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल को स्थगित कर 9 जुलाई को करने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही राष्ट्रीय ट्रेड यूनियनों ने यह निर्णय लिया है कि 20 मई को देश के सभी औद्योगिक प्रतिष्ठानों पर कर्मचारियों की मांगों को लेकर प्रदर्शन किया जाएगा। भिलाई की संयुक्त ट्रेड यूनियन इंटक एटक सीटू एचएमएस एक्टू लोईमू एवं स्टील वर्कर्स यूनियन ने भिलाई इस्पात संयंत्र में 20 मई की हड़ताल को स्थगित करने की सूचना भिलाई प्रबंधन को देकर यह निर्णय लिया है कि मंगलवार को सुबह 8 बजे से 9 बजे तक सेल कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर और सरकार द्वारा श्रम कानूनो में परिवर्तन के विरोध में बोरिया गेट पर प्रदर्शन किया जाएगा।

## एटक के प्रतिनिधि मंडल ने की 39 माह के लंबित एरियर्स के भुगतान की मांग

# सेल वेतन समझौता के जल्द पूर्ण होने की फिर एक बार कर्मचारियों को बंधी उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र सहित हजारों सेल कर्मचारियों के अब तक अपूर्ण वेतन समझौता को पूर्ण करने और लंबित एरियर्स भुगतान को लेकर कर्मचारियों को एक बार फिर नई उम्मीद बंधी है। दिल्ली में एटक यूनियन को इस्पात मंत्री ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया है। कर्मचारियों के 49 महीने के एरियर्स के करोड़ों का भुगतान अब तक नहीं हुआ है।

उल्लेखनीय है कि सेल वेतन समझौता में विसंगति का खामियाजा कर्मचारियों को अब तक भुगतना पड़ रहा है। चार साल पूर्व हुई एनजेसीएस बैठक में उच्च प्रबंधन द्वारा सर्व सम्मति की परंपरा से हटकर बहुमत के आधार पर निर्णय लिया गया था। इसके बाद से ही सभी एनजेसीएस यूनियनें एकमत होकर अपूर्ण वेतन समझौता जल्द पूर्ण किए जाने के लिए चौतरफा दबाव बना रही हैं। लेकिन 39 महीने के एरियर्स का भुगतान अब तक नहीं होने से कर्मियों में भारी असंतोष है। इस अहम मुद्दे पर 17 मई को दिल्ली में एटक यूनियन के प्रतिनिधि मंडल ने इस्पात मंत्री से मिलकर सेल के वेतन समझौता व कर्मियों का 39 माह का एरियर भुगतान तथा एनएमडीसी के पे रिवीजन कार्यान्वयन के मुद्दे पर चर्चा की। प्रतिनिधि मंडल में एटक के उपाध्यक्ष और सांसद शुब्बारायण, एटक उपाध्यक्ष विद्यासागर गिरि, सचिव वहीदा निजाम, एनएमडीसी के नेता राजेश संधू, बीवी दुर्गा राव एवं उदय कुमार शामिल थे। भिलाई स्टील मजदूर सभा एटक के महासिचव विनोद कुमार सोनी ने बताया कि आधा घंटे तक हुई चर्चा मे इस्पात मंत्री ने जल्द वेतन समझौता पूर्ण करने व 30 माह के बकाया एरियर्स के भुगतान का आश्वासन दिया है।

### इस्पात मंत्री से डी कुमार स्वामी से प्रतिनिधि मंडल ने की चर्चा, दिलाया भरोसा



### सर्वसम्मति के बजाए बहुमत से लिया था निर्णय

वेतन समझौता तय करने के लिए पूर्व में हुई एनजेसीएस बैठक में पर्क्स को लेकर पांच एनजेसीएस यूनियनों में एकराय नहीं थी। इसका फायदा उठाते हुए उच्च प्रबंधन ने वर्षों से चली आ रही सर्वसम्मति की परिपाटी को छोड़कर पहली बार बहुमत के आधार पर सेल वेतन समझौता पर निर्णय ले लिया था। दो यूनियनों ने तीन यूनियनों ने हस्ताक्षर किए व दो ने विरोध किया था। लेकिन इसके बाद पांचों यूनियनें एकजुट हो कर पिछले चार से साल से वेतन समझौता की विसंगतियों को दूर कर कर्मियों के लंबित एरियर्स के भुगतान के लिए प्रबंधन पर दबाव बना रही हैं।

### अनेक कर्मचारी हो चुके रिटायर

सेल वेतन समझौता के पूर्ण होने होने की आस लिए सेल में अब तक सैकड़ों कर्मचारी रिटायर हो चुके हैं। वहीं कई सेवानिवृत होने वाले हैं। यूनियनों के मुताबिक एनजेसीएएस बैठक में प्रबंधन ने कर्मचारियों के एरियर्स का किश्तों में भुगतान करने का आश्वासन दिया था। इसके बाद भी अब तक भुगतान नहीं किए जाने से कर्मियों में असंतोष बढ़ रहा है। इस दौरान संयुक्त यूनियनें कई बार इस्पात मंत्री को ज्ञापन सौंपने के अलावा धरना प्रदर्शन कर मांग कर चुकी हैं।

# एसएसपी ने किया पुलिस कर्मचारियों का तबादला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

एसएसपी विजय अग्रवाल ने जिले के 53 पुलिस कर्मियों का तबादला आदेश जारी किया है। जिसमें 11 एएसआई, 9 हवलदार और 33 आरक्षक शामिल है। लाइन से एएसआई संतोष कुमार सिंह एसीसीयू, दुर्ग थाना किरेन्द्र सिंह एसीसीयू, लाइन से खोमन प्रसाद पाण्डेय थाना कोतवाली दुर्ग, लाइन से दिनेश्वर रात्रे थाना रानीतराई,लाइन से पुनीतराम वर्मा थाना भिलाई भठ्ठी ,लाइन से शशिकांता थाना वैशाली नगर, लाइन से नेतराम पाल थाना खुर्सीपार,लाइन से राजेश तिवारी सुपेला, लाइन से ताल सिंह कुम्हारी, लाइन से करन सोनकर पाटन, हलदार दुर्ग कोतवाली से योगेश चंद्राकर एसीसीयू, लाइन से मनोज कुमार थाना दुर्ग कतोवाली, भिलाई नगर से प्रेमकुमार सिंह एसीसीयू, लाइन से खिलेश नेताम भिलाई नगर, लाइन से कांति कुमार रानीतराई, लाइन से विनोद कुमार लिटिया सेमरिया, लाइन से विनोद कुमार अमलेश्वर, लाइन से डिकेन्द्र तिवारी वैशाली नगर, लाइन से मनोज कुमार पुलगांव, आरक्षक पुरानी भिलाई विशाल कुमार एसीसीयू, दुर्ग कोतवाली नासीर बख्श एसीसीयू,सुपेला अजीत कुमार सिंह एसीसीयू, स्मृति नगर हीरामन कुमार साहू एसीसीयू, मोहन नगर कांति शर्मा एसीसीयू, सुपेला विवेक कुमार सिंह एसीसीयू,उतई शेखर भट्ट एसीसीयू,लाइन से मनीष पाण्डेय थाना उतई, लाइन से विवेक सिंह छावनी,लाइन से भूपेन्द्र हरदेव बोरी, लाइन से चंद्रशेखर यादव बोरी, लाइन से भूपेन्द्र कुमार चौकी नगपुरा, लाइन से खेमराज, चिरंजीव चौकी लिटिया सेमरिया, लाइन से संतोष निर्मलकर सुपेला, लाइन से तौषिक अकरम थाना कोतवाली दुर्ग, लाइन से दिलीप नेताम मोहन नगर, लाइन अश्वनी कुमार भिलाई भठ्ठी, अंजनी प्रसाद, बलदेव महावीर खुर्सीपार, रानीतराई सेजय प्रकाश सिन्हा पुलिस लाइन दुर्ग, लाइन प्रमोद देवांगन अमलेश्वर, लाइन से संजय दुबे खुर्सीपार, लाइन से आशीष वर्मा छावनी, लाइन से मकसुदन यादव रानीतराई, लाइन से लता रंजक थाना दुर्ग कतोवाली, लाइन से देवकी साहू थाना मोहन नगर, लाइन से मधु देवी सुपेला, लाइन बुधवारा यादव छावनी, लाइन से कल्याणी थाना पुरानी भिलाई, लाइन से तारा सिंह जामुल, लाइन से रीना तिवारी उतई, उतई से हुलेश्वर प्रसाद साहू का पुलिस लाइन दुर्ग तबादला किया गया है।

■ 11 एएसआई, 9 हवलदार, 33 आरक्षक का तबादला

# भिलाई-चरोदा और जामुल में निकली तिरंगा यात्रा, लगाए नारे





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिका निगम भिलाई-चरोदा और जामुल क्षेत्र में तिरंगा रैली निकालकर भारतीय सेना के साहस और शौर्य का जयघोष किया गया। आपरेशन सिंदूर की सफलता पर देश के वीर सैनिकों के पराकम का अभिनंदन किया गया। तिरंगा रैली महापौर निर्मल कोसरे, सभापति कृष्णा चंद्राकर की अगुवाई में यात्रा निकाली गई। जो निगम कार्यालय से शुरु होकर भिलाई-चरोदा क्षेत्र में घुमा। मुख्य तौर पर तिरंगा रैली निकालने का उद्देश्य भारत की तीनों सेना जल, थल,वायु सेनाओं का अभिनंदन करना था। तिरंगा रैली यात्रा में जिला महामंत्री प्रेमलाल साहू, विधायक प्रतिनिधि दिलीप पटेल, निगम नेता प्रतिपक्ष राम खिलावन वर्मा, मंडल अध्यक्ष वरूण यादव, महामंत्री मुकेश अग्रवाल, पार्षद फिरोज फारूकी, चद्रप्रकाश पाण्डेय, प्रेमलता चंद्राकर,तुलसी ध्रुव, सुषमा जेठानी, समेत आयुक्त डी एस राजपुत आदि मौजूद थे। वहीं जामुल पालिका क्षेत्र में'ऑपरेशन सिंदुर'' हम सेना के साथ हैं के लिए नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर के नेतृत्व व सीएमओ सीमा बख्शी के मार्गदर्शन में तिरंगा यात्र निकाली गई। यात्र नगर पालिका जामुल कार्यालय से शुरु होकर डीजे में गीत संगीत के साथ नगर भ्रमण कर भारतीय सेना के साथ होने का परिचय देते नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर उनके जजबे को सलाम किया। तिरंगा यात्र के दौरान सीएमओ ने 'ऑपरेशन सिंदुर'' के समर्थन में हर वर्ग को शामिल होने की अपील किया था। यात्र में नपा उपाध्यक्ष सुनिता चन्नेवार, पार्षदगण कविता विश्वाल, रामदुलार साहू,निशा चन्नेवार, खम्हन ठाकुर, अधिकारीगण केएन ताम्रकार, सचिन भागवत, आशा जंघेल, रामू देवांगन, शिवनंदन देवांगन, हिम्मत मंडावी, दयालु जंघेल, रवि चौहान, बशीर खान, हर्षा मेहरा मौजूद थे।

# सेल के निदेशक मनीष राज ने किया भिलाई इस्पात संयंत्र का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ ली समीक्षा बैठक, कहा और बेहतर करें

भिलाई प्रवास पर आए निदेशक (तकनीकी, परियोजनाएं एवं कच्चा माल) और अतिरिक्त प्रभार निदेशक प्रभारी, भिलाई इस्पात संयंत्र मनीष राज गुप्ता ने बीएसपी का भ्रमण किया। संयंत्र के उत्पादन, परियोजनाओं, तकनीकी-आर्थिक प्रदर्शन, मानव संसाधन और सुरक्षा संबंधी विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की। इस्पात भवन में आयोजित उच्चस्तरीय प्रस्तुति एवं समीक्षा बैठक ली। इसमें संयंत्र के कार्यपालक निदेशक और मुख्य महाप्रबंधकों ने भाग लिया। महाप्रबंधक विकास चंद्रा, सहायक महाप्रबंधक हिमांशु दवे और उप प्रबंधक मानव शालिनी चौरसिया द्वारा बीएसपी के उत्पादन, तकनीकी-आर्थिक प्रदर्शन, वित्तीय स्थिति, टाउनशिप प्रबंधन, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व, हरित पहल, लर्निंग एंड डेवलपमेंट गतिविधियों, सुरक्षा एवं मानव संसाधन विषयों पर प्रस्तुतिकरण दिया गया।बैठक को संबोधित करते हुए मनीष राज गुप्ता ने संयंत्र के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा हम अच्छा कर रहे हैं लेकिन और बेहतर कर सकते हैं। हमें उत्पादन, उसकी लागत तथा हर समय सुरक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा। बैठक में कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, एके चक्रवर्ती, प्रवीण निगम, पवन कुमार, बिपिन कुमार गिरी, राकेश कुमार, डॉ. एम. रवींद्रनाथ तथा अरुण कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मनीष राज गुप्ता ने रोज़ गार्डन में पौधरोपण किया और संयंत्र के उत्पादन इकाइयों कोक ओवन बैटरी, ओएचपी-बी, सिंटर प्लांट सहित अन्य विभागों का निरीक्षण किया।

### बीएमएस की यूनिटों को देखा

इस अवसर पर अतिरिक्त प्रभार निदेशक प्रभारी, सेल-बीएसपी श्री गुप्ता की पत्नी कविता गुप्ता ने भिलाई महिला समाज की सभी यूनिटों का भ्रमण किया। बीएमएस मुख्यालय का अवलोकन किया, तत्पश्चात पावर हाउस स्थित स्टेशनरी, साबुन एवं मसाला यूनिटों का भ्रमण किया। इस अवसर पर भिलाई महिला समाज की सचिव सोनाली रथ, संयुक्त सचिव दीपन्विता पाल, सहित रीता तिवारी, पूनम प्रियदर्शी तथ मौली चक्रवर्ती, आशा रानी, स्मिता गिरी, पूनम कुमार और रेणुका रंगनाथन व शिखा दुबे भी उपस्थित थीं।

# दीनदयाल कॉलोनी पहुंचे विधायक ने पूछी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



श्रमिक दिवस के बाद से वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन अपने विधानसभा क्षेत्र के वार्डों में स्कूटी से पहुंच रहे हैं। लोगों से मेल-मिलाप कर रहे हैं, उनकी समस्याएं सुनकर उनका समाधान करा रहे हैं। रविवार की सुबह 7 बजे वे अचानक स्कूटी से दीनदयाल उपाध्याय कॉलोनी पहुंचे। इस दौरान जर्जर पानी टंकी का निरीक्षण कर उसे दुरुस्त करने या डिस्मेंटल कर नए का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।

कॉलोनीवासियों के बताने पर एक हफ्ते के भीतर सभी पेड़ों की छंटाई के निर्देश दिए। उन्होंने सांस्कृतिक आयोजनों के लिए मंच और डोम शेड की घोषणा की। अवैध कब्जे की शिकायत पर आवंटित जमीन की जांच के निर्देश दिए। उन्होंने सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के भी निर्देश दिए। रिकेश सेन ने वार्ड निरीक्षण के दौरान दीनदयाल उपाध्याय कॉलोनी, लोटस कॉलोनी सहित आसपास के सभी निजी कॉलोनीवासियों से चर्चा कर बारिश के पहले बिल्डिंग की मजबूती चेक कराने तथा इनके रंगरोगन की अपील की। बाहर से आकर रहने वालों का पुलिस वेरीफिकेशन कराने भी कहा। डीडी कॉलोनीवासियों की शिकायत पर पाइप लाइन बिछाए जाने की जानकारी दी गई। विधायक ने बारिश पूर्व सभी नालियों से पानी निकासी के इंतजाम करने के भी निर्देश दिया।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## जोरातराई व डुंडेरा में भूमिपूजन व लोकार्पण कार्यक्रम

# लोगों को सुविधा उपलब्ध कराना मेरी नैतिक जिम्मेदारी: ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के नगर पालिक निगम रिसाली के अंतर्गत जोरातराई में आयोजित नवीन विकास कार्यों की भूमिपूजन व लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित होकर विधिवत पूजा अर्चना कर नवीन विकास कार्यों की सौगात दी। जिसके अंतर्गत निम्न विकास कार्य वार्ड 37 जोरातरई बाग पारा मे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य लागत राशि 65.56 रु लाख, जोरातरई स्कूल मे प्रथम तल निर्माण कार्य लागत राशि 56.29 रु लाख, आंगनबाडी एवं बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य लागत 19.47 रु लाख का भूमिपूजन व वार्ड क्रमांक 37 जोरातरई शीतला मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य लागत राशि 5 लाख रु, जोरातरई शासकीय प्राथमिक शाला मे अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य लागत राशि 29.95 लाख, का भूमिपूजन व बजरंग चौक जोरातरई मे ट्रांसफार्मर का लोकार्पण व वार्ड 35 डुंडेरा मे आंगनबाडी निर्माण कार्य अनुमानित लागत राशि 8.35 रु. लाख रूपये की आधार शीला रखी। साथ ही कार्यक्रम के दौरान मितानिन, आंगनबाडी, कार्यकर्ता सफाई कर्मचारियों व निःशुल्क सेवा करने वाले को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह भूमिपूजन केवल एक प्रक्रिया नहीं बल्कि नगर के समग्र विकास की दिशा में एक उठाया गया एक सशक्त कदम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हमरे प्रदेश की मुख्य विष्णुदेव साय की मंशा है कि हर नागरिक को मूलभूत सुविधाएं मिले और हर गांव, हर नगर को आदर्श गांव, आदर्श नगर के रूप में विकसित किया जाए वहां मूल भूत सुविधाएं उपलब्ध हो इस दिशा में हमारी सरकार पुरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। महापौर शशि सिन्हा ने कहा आज का दिन हम सभी के लिए ऐतिहासिक हैं।

इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, सभापति केशव बंछोर, नेता प्रति पक्ष शैलेंद्र साहू, मरोदा पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे पार्षद, खिलेंद्र विक्की चंद्राकर, पार्षद हरीश नायक, एमआईसी सनिज साहू आदि उपस्थित थे।

# खारुन नदी ब्रिज मरम्मत के दौरान एक साइड से रहेगा बंद, 19 से होगा काम शुरु

**भिलाई।** कुम्हारी खारुन नदी के ब्रिज का मरम्मत होने के कारण आने जाने वाले वाहन चालको के लिए समय सारणी में बदलाव किया गया है। ब्रिज का काम (दुर्ग से रायपुर की ओर आने वाली) 19 मई से लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। ब्रिज मरम्मत कार्य में समय सारणी के अनुसार किया जाएगा। जिसमें ब्रिज मरम्मत कार्य 19 से 30 मई तक ब्रिज के नीचे के बेरिंग को चेंज करने का कार्य किया जाना है। जिसके लिए प्रति रात 2 घण्टे (रात 2 से 4 बजे तक) दुर्ग से रायपुर आने वाला ब्रिज पूर्णतः बंद रहेगा। 1 से 20 जून तक 24 घण्टे ब्रिज के ऊपर एक्सपान्सन ज्वाइंट चेंज (डामर उखाड़ कर) बीसी वर्क, रेलिंग बदलने का काम किया जाएगा। उक्त कार्य के लिए रायपुर आने वाला ट्रैफिक बाधित रहेगा। ट्रैफिक के वैकल्पिक संचालन के लिए मरम्मत कार्य वाले ब्रिज को डिवाइडर लगाकर दो भागो लेन में बांटा जाएगा। एक लेन में मरम्मत कार्य चलेगा और डिवाइडर के दूसरी ओर सिंगल लेन में ट्रैफिक चलता रहेगा।

उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहले से ही ट्रैफिक का अधिक दबाव है, जो मरम्मत कार्य के दौरान मार्ग की चौड़ाई सिंगल लेन होने के कारण ब्रिज से लेकर कुम्हारी तक जाम की स्थिति बन सकती है। उक्त ब्रिज मरम्मत के दौरान दुर्ग से रायपुर जाने वाले यात्रियों को भिलाई सेक्टर एरिया से उतई-सेलूद-दौर-घुघुवा-औरी-मोतीपुर-अमलेश्वर रायपुर, पुरानी भिलाई चौक (सिरसा गेट)-ग्राम सिरसा-औरी-मोतीपुर-अमलेश्वर-रायपुर, रायल खालसा-ग्राम उरला-परसदा-अमलेश्वर-रायपुर का उपयोग कर सकते है।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, सोमवार 19 मई 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129



02



नाट्य, नृत्य, संगीत और साहित्य विधाओं का नि:शुल्क प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ


## लाइव इवेंट

### शाही फल लीची की मिठास फैली ट्विनसिटी में, लोग ले रहे स्वाद



**भिलाई।** गर्मी के आते ही ट्विनसिटी में शाही फल लीची की धमक दिखने लगी है। दुर्ग और भिलाई दोनों शहरों के बाजारों में इन दिनों यह फल बिकने के लिए पहुंच रहा है। बाजार में यह 120 रुपए से लेकर 150 रुपए कीमत में बिक रहा है। लोगों को इसकी मिठास खूब भा रही है। व्यापारियों ने बताया कि यह फल बिहार के मुज्जफरपुर सहित अन्य जिलों से यहां बिकने के लिए पहुंच रहा है। बता दें कि लीची सबसे पहले दक्षिण चीन के गुआंगडॉन्ग और फुजियान प्रांत में 1059 में जंगली पौधे से बागों तक पहुंची। 18वीं सदी की शुरुआत में फ्रांसीसी यात्री पियरे सोन्नरे ने दुनिया को लीची से रूबरू कराया। 1764 में इसे रियूनियन द्वीप में जोसेफ फ्रैंकोइस द पाल्मा द्वारा लाया गया और इसके बाद यह मैडागास्कर और भारत, दक्षिण-पूर्व एशिया, दक्षिण अफ्रीका, वियतनाम, ब्राजील, थाईलैंड, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका तक पहुंची। भारत में इसकी खेती की शुरुआत त्रिपुरा से हुई। फिर यह असम, बंगाल और बिहार तक पहुंची। बिहार में लोगों के पास जमीन के बड़े-बड़े टुकड़े थे, ऐसे में यहां इसकी बागवानी की जाने लगी। भारत में लीची के फल सबसे त्रिपुरा में पक कर तैयार होते है। इसके बाद रांची और पूर्वी सिंहभूम (झारखंड), मुर्शिदाबाद (पं. बंगाल), मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर (बिहार), उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र, पंजाब, उत्तरांचल के देहरादून और पिथौरागढ़ की घाटी में फल पकते हैं। बिहार के अलावा पंजाब, तमिलनाडु, कर्नाटक और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में भी लीची की खेती होती है। दुनिया में चीन के बाद भारत ऐसा देश है, जहां सबसे ज्यादा लीची उगाई जाती है। लीची की फसल बागवानी के लिए आर्द्र जलवायु उपयुक्त है। वर्षा की कमी में भी आर्द्र जलवायु वाले क्षेत्रों में इसकी खेती की जा सकती है। इसीलिए हर तरह से उत्तरी बिहार उपयुक्त क्षेत्र है।

- मुज्जफरपुर बिहार से पहुंच रही लीची
- 120 से 150 रुपए किलो तक बिक रही

## सिटी इवेंट

### तालपुरी में हो निष्पक्ष चुनाव, छग शासन नियुक्त करे पर्यवेक्षक व चुनाव अधिकारी



**भिलाई।** तालपुरी कॉलोनी बी ब्लॉक के रहवासी पूर्व अध्यक्ष सुनील चौरसिया के नेतृत्व में रविवार को सांसद विजय बघेल से भिलाई स्थित उनके कार्यालय में मिले। उन्होंने कॉलोनी के आगामी चुनाव में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन अधिकारी एवं पर्यवेक्षक की नियुक्ति शासन के माध्यम से कराए जाने की मांग की। गौरतलब है कि पंजीयक, फर्म्स एवं संस्थाएं रायपुर द्वारा जारी आदेश में पूर्व कार्यकारिणी द्वारा कराए गए चुनाव को मतदाता सूची में हेराफेरी एवं सदस्यता अनियमितताओं के चलते अमान्य घोषित किया गया है। साथ ही, वर्तमान कार्यकारिणी हो ही नए चुनाव 90 दिवस के भीतर कराए जाने के निर्देश भी दिए गए हैं। रहवासियों का कहना था कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस कार्यकारिणी का चुनाव ही फर्जी तरीके से हुआ था, उसी को ही पुनः चुनाव आयोजित करने और मतदाता सूची सुधार की जिम्मेदारी सौंप दी गई है। इससे न केवल निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लगता है, बल्कि यह न्याय के मूल सिद्धांतों तथा प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत का भी उल्लंघन है। सुनील चौरसिया ने सांसद से अनुरोध किया कि वे इस विषय में प्रशासनिक स्तर पर हस्तक्षेप कर निष्पक्ष चुनाव की प्रक्रिया सुनिश्चित करवाने हेतु निर्देशित करें। बघेल ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए उन्हें उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

- मतगणना सूची में अनिमियतता के कारण अमान्य हो गया था चुनाव
- सांसद विजय बघेल से मिलकर दोबारा चुनाव कराने की मांग तालपुरीवासियों ने की

## बैठक में निर्णय

### स्टील सिटी प्रेस क्लब का चुनाव 7 जुलाई को

**भिलाई।** स्टील सिटी प्रेस क्लब की कार्यकारिणी बैठक हुई, जिसमें 7 जुलाई को चुनाव कराने का निर्णय लिया गया। 20 जून तक सदस्यता अभियान चलाए जाने का निर्णय लिया गया। स्टील सिटी प्रेस क्लब के बायलाज के अनुसार कोई भी पत्रकार जो अन्य प्रेस क्लब में है, उन्हें सदस्यता नहीं दी जाएगी। इसके अतिरिक्त स्टील सिटी प्रेस क्लब का कार्यालय जब तक अन्यत्र स्थानांतरित नहीं होगा, तब तक श्रमबिन्दु कार्यालय से संचालित होगा। बैठक की अध्यक्षता आनंद ओझा ने की। बैठक में प्रदीप सान्याल, अनिल साखरे, ईश्वर दुबे, आरपी सिंह, शिव श्रीवास्तव, दिनेश पुरवार आदि उपस्थित थे।

● सीए ब्रांच भिलाई द्वारा आयोजित दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस का हुआ समापन

# केंद्र सरकार लाने जा रही आयकर को लेकर नया बिल, इससे करदाताओं को कानूनी जटिलता से मिलेगी मुक्ति, पारदर्शिता बढ़ेगी

भिलाई सीए ब्रांच द्वारा आयोजित दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस उन्नयन का रविवार को समापन हुआ। सीए भवन सिविक सेंटर में आयोजित यह कॉन्फ्रेंस भिलाई, रायपुर, बिलासपुर औऱ रायगढ़ ब्रांच के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। दूसरे दिन प्रख्यात टैक्स विशेषज्ञ, लेखक, शिक्षाविद, चार्टर्ड अकाउंटेंट डॉ. गिरीश आहूजा ने प्रत्यक्ष कर में हुए नए बदलाव और टैक्स संहिता पर जानकारी दी। इसके अतिरिक्त विशेषज्ञ वक्ताओं ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी। डॉ. गिरीश आहूजा ने प्रत्यक्ष कर में हुए नए बदलावों की जानकारी साझा की। उन्होंने नए इनकम टैक्स बिल, हालिया बजट में हुए बदलावों, और पुराने अप्रभावी सेक्शन की समाप्ति जैसे विषयों पर जानकारी दी।

**भिलाई।** डॉ. आहूजा ने बताया कि सरकार जल्द ही नया इनकम टैक्स बिल लाने की दिशा में काम कर रही है, जिसका उद्देश्य पुराने और जटिल कानूनों को हटाकर एक सरल, पारदर्शी और करदाता हितैषी प्रणाली स्थापित करना है। इस बिल के आने से करदाताओं को कंप्लायंस में आसानी होगी और अनावश्यक विवादों की संख्या में कमी आएगी। उन्होंने बजट 2024 में प्रत्यक्ष कर से जुड़े महत्वपूर्ण परिवर्तनों पर भी प्रकाश डाला। जैसे नई टैक्स स्लैब प्रणाली को और प्रभावशाली बनाना, रिटर्न फाइलिंग को आसान करना, और डेडलाइन से जुड़े नियमों को लचीला बनाना। उन्होंने बताया कि बजट का सीधा प्रभाव छोटे और मध्यम व्यवसायों के साथ-साथ व्यक्तिगत करदाताओं पर पड़ेगा, जिससे टैक्स बेस का विस्तार होगा। डॉ. आहूजा ने यह भी बताया कि सरकार द्वारा कई निष्क्रिय और अप्रचलित सेक्शनों को हटाया गया है, जिनका अब कोई व्यावहारिक उपयोग नहीं रह गया था। इससे इनकम टैक्स एक्ट को अधिक स्पष्ट और सटीक बनाया गया है। सीए शुभम पटेल और चिनय सोलंकी ने चार्टर्ड अकाउंटेंसी प्रोफेशन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रभाव और उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे आधुनिक समय में एआई टेक्नोलॉजी को अपनाकर सीए अपने कार्य को अधिक सटीक, तेज़ और कुशल बना सकते हैं। उन्होंने बताया कि आज की तेज़ गति से बदलती व्यावसायिक दुनिया में डेटा की मात्रा बहुत अधिक हो चुकी है, और ऐसे में एआई के टूल्स जैसे डेटा एनालिटिक्स, ऑटोमेटेड बुक कीपिंग, रिस्क असेसमेंट मॉडल्स, और चैटबॉट्स सीए के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं।



### देशभर से आए अकाउंट एक्सपर्ट्स ने रखे विचार

नागपुर से आए युवा चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए शुभम पटेल ने वित्तीय और लेखा क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रभाव पर अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि डिजिटल युग में एआई जैसी उन्नत तकनीकों को अपनाना अब विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता बन गई है। सीए शुभम पटेल ने बताया कि आज वित्तीय डेटा का प्रबंधन, विश्लेषण और रिपोर्टिंग जैसे कार्यों में एआई का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। एआई आधारित ऑटोमेशन टूल्स न केवल अकाउंटिंग एंट्रीज को तेजी से प्रोसेस करते हैं, बल्कि ऑडिटिंग, टैक्स कंप्लायंस और रिस्क मैनेजमेंट को भी अधिक प्रभावी बनाते हैं। उन्होंने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को अब पारंपरिक विधियों से आगे बढ़ते हुए डिजिटल उपकरणों का सही उपयोग सीखना चाहिए। इससे न केवल काम की गति बढ़ेगी, बल्कि मानवीय त्रुटियां भी कम होंगी और निर्णय लेने में भी सटीकता आएगी।

### समापन समारोह में वक्ताओं को किया गया सम्मानित, प्रदेश सीए हुए शामिल

इस अवसर पर आए वक्ताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण ब्रांच चेयरमेन राजेश बाफना ने दिया। इस अवसर पर सीए राकेश ढोढी, राहुल बत्रा, प्रभजीत सिंह जग्गी, अरविंद सुराना, अमित राय, नितिन रूंगटा, महावीर जैन, पदम बरडिया, विकास गोलछा, अनिल झंवर, निकिता जैन, मिनेश जैन सहित अन्य मौजूद थे।



### एआई आधारित सॉफ्टवेयर अब ज्यादा उपयोग हो रहे



सीए चिनय सोलंकी और सीए शुभम पटेल ने उदाहरण देते हुए बताया कि एआई आधारित सॉफ्टवेयर्स अब बड़ी मात्रा में इनवॉइस, लेन-देन और टैक्स डेटा को कुछ ही क्षणों में प्रोसेस कर सकते हैं, जिससे मैन्युअल एरर की संभावना कम होती है और समय की भी बचत होती है। उन्होंने यह भी कहा कि ऑडिटिंग में एआई का प्रयोग करके संदिग्ध ट्रांजेक्शन को पहले ही चिन्हित किया जा सकता है, जिससे जोखिम प्रबंधन बेहतर होता है। साथ ही, डॉक्यूमेंट एनालिसिस, क्लाइंट कम्युनिकेशन, और कस्टम रिपोर्ट जनरेशन जैसे कामों में भी एआई से काफी मदद मिल रही है। उन्होंने ने जोर देकर कहा कि आने वाला समय टेक्नोलॉजी और प्रोफेशनल नॉलेज के मेल का है, और यदि सीए समय रहते एआई को अपनाते हैं तो वे न केवल खुद को प्रतिस्पर्धात्मक बनाए रख पाएंगे, बल्कि अपने क्लाइंट्स को भी बेहतर सेवाएं प्रदान कर सकेंगे।

## झिलमिल सितारों का आंगन होगा... बहारों फूल बरसाओ...जैसे गानों पर वायलिन की धुन ने किया मोहित

**भिलाई।** वायलिन अकेडमी दुर्ग द्वारा सूर्या मॉल जुनवानी में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान पुराने सदाबहार गीतों को वायलिन की धुन में प्रदर्शित किया गया।

मुख्य रूप से झिलमिल सितारों का आंगन होगा..., तुम दिल की धड़कन में रहती हो..., प्यार दीवाना होता है मस्ताना होता है..., एक प्यार का नगमा है..., हमको हमी से चुरा लो..., सायोनारा सायोनारा..., बहारों फूल बरसाओ..., पल पल दिल के पास तुम रहती हो... जैसे गानों को वायलिन की धुन में प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में संस्था के संचालक सुरेश विश्वकर्मा ने अपनी वायलिन की अद्भुत प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।कार्यक्रम की शुरुआत गुरुवन्दना और सरस्वती वन्दना से हुई, जिसके बाद सुरेश विश्वकर्मा ने विभिन्न सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर पहलगाम पर्यटन हत्याकांड में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। ऐ मेरे वतन के लोगों गीत को वायलिन पर प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन उपासना फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. सुबीर सेन ने किया। कार्यक्रम प्रभारी निकिता रतनानी और उनके स्टाफ का आभार व्यक्त किया गया।





## माइनर्स के साथ बढ़ रहे अपराध स्कूलों में बताया जाए गुड एंड बैड टच


**भिलाई।** प्रदेशभर में माइनर बच्चों के साथ छेड़खानी और दुष्कर्म के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं।

यह चिंता का विषय है। अधिकांश मामले प्रदेशभर के सरकारी व निजी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के साथ भी हो रहा है। ऐसे में पैरेंट्स के मन में बहुत सारे सवाल होते हैं। इस गंभीर और संवेदनशील विषय को ध्यान में रखते हुए सभी स्कूलों में गुड एंड बैड टच अवेयरनेस कैंपेन ड्राइव करने की जरूरत है। चूंकि आने वाले 16 जून से सभी स्कूलों के सत्र शुरू होने वाले हैं। ऐसे में इस अवेयरनेस कैंपेन को जून माह से ही सत्र की शुरुआत से ही चलाया जाना उचित होगा। ताकि बच्चों को यह मालूम चले कि उनके लिए गुड और बैड टच क्या-कुछ है...? प्रदेशभर में इसकी डिमांड उठ रही है। इसे लेकर भाजपा महिला मोर्चा की स्वाती साहू ने बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि स्कूलों में प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जाए, जिससे बच्चों में भी जागरूकता आए।



### प्रदेश में 15 फीट की सबसे ऊंची धातु प्रतिमा होने का दावा, थनौद में हो रही तैयार

# शक्ति व साहस के परिचायक बिरसा मुंडा की आदमकद धातु प्रतिमा दुर्ग के राजेंद्र पार्क चौक में होगी स्थापित



**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** बिरसा मुंडा शक्ति और साहस के परिचायक थे, जिन्होंने बिहार और झारखंड के विकास और भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में अहम योगदान दिया। उन्होंने आत्म सुधार, नैतिक आचरण की शुद्धता और एकेश्वरवाद का उपदेश दिया। वे आदिवासी समाज के लिए अंग्रेजों से भीड़ गए थे। देश की आजादी और आदिवासी समाज के उत्थान में उनका बड़ा योगदान दिया।



### प्रतिमा आदिवासी अस्मिता और संघर्ष का प्रतीक

लव चक्रधारी ने बताया कि मूर्ति बनाना केवल एक पेशा नहीं, बल्कि एक साधना है। बिरसा मुंडा जैसे क्रांतिकारी व्यक्तित्व की प्रतिमा बनाना उनके जीवन का गौरवपूर्ण क्षण है। उनका उद्देश्य केवल प्रतिमा बनाना नहीं, बल्कि उनसे जुड़ी चेतना को जनमानस तक पहुंचाना है। यह प्रतिमा न केवल आदिवासी अस्मिता और संघर्ष का प्रतीक होगी, बल्कि दुर्ग के सांस्कृतिक मानचित्र में भी एक नया आयाम जोड़ेगी। उन्होंने बताया कि अगले एक से दो महीने में प्रतिमा पूरी तरह से बनकर तैयार हो जाएगी। इसके बाद शासन-प्रशासन के मार्गदर्शन में प्रतिमा स्थापित करने और इसके अनावरण से जुड़ी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने की थी घोषणा, इसके बाद शिल्पग्राम थनौद में तैयार की जा रही प्रतिमा

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दुर्ग में स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की भव्य प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा की थी। इसके बाद मूर्ति तैयार की जा रही है। लव चक्रधारी ने बताया कि यह प्रतिमा छत्तीसगढ़ में अब तक की सबसे बड़ी बिरसा मुंडा की धातु प्रतिमा होगी। इस ऐतिहासिक प्रतिमा का निर्माण चल रहा है। लव ने बेहद कम उम्र में मेटल मूर्ति निर्माण के क्षेत्र में उल्लेखनीय पहचान बनाई है। इस वजह से उन्हें प्रतिमा तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रतिमा का अनावरण जल्द होना है। प्रतिमा को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वे दुनिया के पहले नायक थे, जिन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन के साथ समाज सुधार में अपना जीवन समर्पित कर दिया। यही वजह है कि आदिवासियों द्वारा उन्हें भगवान का दर्जा दिया जाता है। उनके सम्मान में दुर्ग के राजेंद्र पार्क चौक पर एक आदमकद प्रतिमा स्थापित होने वाली है। 15 फीट ऊंची धातु की यह प्रतिमा शिल्पग्राम थनौद में तैयार की जा रही है। मूर्तिकार लव चक्रधारी द्वारा प्रतिमा तैयार की जा रही है। उनका कहना है कि यह प्रदेश में उनकी सबसे ऊंची धातु प्रतिमा है।

**सिटी इवेंट**

## कठपुतली नृत्य, नाटक का प्रदर्शन देख बच्चों के खिल उठे चेहरे



**भिलाई।** गर्मी की छुट्टियों का सदुपयोग करने प्राइवेट के साथ साथ सरकारी स्कूलों में भी बच्चों के शारीरिक व बौद्धिक विकास के लिए समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जहां स्कूली बच्चें अपने भीतर छिपी प्रतिभाओं को निखारकर उस विधा में परिपक्व बन रहे है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ शासन और जिला शिक्षा कार्यालय के निर्देशानुसार 13 मई से 22 मई तक समर कैंप का आयोजन प्रतिदिन किया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन नई-नई विधाएं सिखाई जा रही है। बच्चों को शारीरिक, मानसिक व्यवहारिक, व्यक्तित्व विकास के लिए अनेक आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में समर कैंप के चौथे दिन जिला मिशन समन्वय समग्र शिक्षा सुरेंद्र पांडे के द्वारा अवलोकन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन शर्मा भी उपस्थित रही। कैंप के चौथे दिन की शुरुआत मां सरस्वती का पूजन पं राजेश शुक्ला द्वारा मंत्रोच्चारण कर किया गया। इस दौरान सबसे पहले योगाभ्यास कराते हुए विभिन्न योगासन कराते हुए जीवन में योग के महत्व से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। जिसके बाद कठपुतली नृत्य, नाटक का प्रदर्शन कलाकार गोकुल चतुर्वेदी तथा लाल बाबू सिंह के द्वारा किया गया। साथ ही कठपुतली निर्माण करके दिखाया भी गया। जिसे देख विद्यार्थी बहुत ही प्रसन्न दिखे। कैंप के दौरान लोक कलाकार अजय उमरे के द्वारा छत्तीसगढ़ लोक कला साहित्य, नाच आदि के विषय में विस्तृत जानकारी दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के कक्षा दसवीं एवं 12वीं के प्रवीण्यसूची के छात्र-छात्राओं को अतिथियों के द्वारा पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष अरविंद पटेल, ग्राम पंचायत बोरी के सरपंच टिकेश्वर देशमुख और ज्ञान यादव, भोला पटेल और विद्यालय की शिक्षक-शिक्षिकाएं और कर्मचारी उपस्थित रहे। कैंप के चौथे दिन के समापन अवसर पर प्रभारी प्राचार्य गुलनाज बानो ने सभी एक्सपर्ट और अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

- **पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बोरी में समर कैंप का आयोजन**

**लाइव इवेंट**

## महिला उत्थान में अहिल्याबाई के कार्यों को किया याद, मनी जयंती



**भिलाई।** अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती की कार्यशाला का कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय प्रियदर्शिनी परिसर भिलाई में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने अहिल्याबाई के जीवन में उनके संघर्षो को बताते हुए महिला उत्थान में उनेक संदेशों को पालन करने का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर दुर्ग सांसद विजय बघेल, पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय, विधायक रिकेश सेन, विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, जिला प्रभारी संदीप शर्मा, खादी ग्रामोद्योग अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष स्वीटी कौशिक, पूर्व जिला अध्यक्ष बृजेश बिचपुरीया, कार्यसमिति सदस्य रवि शंकर सिंह प्रदेश, वरिष्ठ नेता प्रभुनाथ मिश्रा, शंकर लाल देवांगन, प्रेम लाल साहू, बिजेंद्र सिंह महामंत्री, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमित मिश्रा , भोजराज सिन्हा, दया सिंह, विनोद सिंह सहित पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल का गजमाला से स्वागत किया गया। सांसद विजय बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा की हम सभी आज नारी शक्ति की प्रतीक लोकमाता अहिल्या बाई को पूर्व की सरकार ने भुला दिया था। आज से 300 वर्ष पूर्व उनका जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के अहमद के चौड़ी गांव में हुआ था। उनके कार्यकाल में अनेक कार्य किये गये। उन्होंने मुगलों के अदम शाहस को खत्म करने में बहुत बड़ा योगदान दिया। हजारों साल की गुलामी को खत्म करने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी माता रानी अहिल्याबाई होलकर विरता की प्रतीक के कार्य को जन जन तक पहुंचाने का कार्य भाजपा ने किया है और 2047 के संकल्प में फिर एक बार भारत देश विश्व गुरु बनेगा। मुख्य वक्ता संदीप शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा की अहिल्याबाई ने अनेकों सामाजिक कार्य किये। अहिल्याबाई एक विनम्र एवं उदार शासक जिनके अंदर जरूरतमंदो और गरीबों असहाय व्यक्ति के लिए दया और परोपकार की भावना कूट-कूट कर भरी हुई थी उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज सेवा के लिए समर्पित कर दिया। अहिल्याबाई हमेशा अपनी प्रजा और गरीबों की भलाई के बारे में सोचतीं रहतीं थीं उन्होंने समाज में विधवा महिलाओं की स्थिति महिलाओं की शिक्षा पर काम किया। अपने जीवन में तमाम परेशानियां झेलनी के बाद जिस तरह अहिल्याबाई ने नारी शक्ति का इस्तेमाल किया था वो काफी प्रशंसनीय है आज भी और हमेशा अहिल्याबाई महिलाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहेगी। अलग अलग वक्ताओं ने भी मंच को संबोधित किया।

- **300वीं जयंती पर हुई कार्यशाला, अतिथियों ने रखे अपने विचार**

## आर्ट ऑफ लिविंग का 6 दिवसीय कोर्स 20 से

**दुर्ग।** आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर के मार्गदर्शन में प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा ज्ञान, ध्यान एवं योग साधना का 6 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर हैप्पीनेस कोर्स 20 से 25 मई को स्टेशन रोड के सामने वाणी होटल में किया जा रहा है। सुबह 6 से 9 बजे तक चलने वाले इस कार्यशाला में जीवन जीने की कला के विभिन्न उपायों पर प्रकाश डाला जायेगा। जिसमें अनिद्रा एवं तनाव से कैसे बाहर निकला जाए साथ ही विभिन्न व्यायामों के माध्यम से शरीर को स्वस्थ रखने की कला सिखाई जाएगी।

**ब्रह्माकुमारीज आनंद सरोवर बघेरा में समर कैंप**

# खाते समय मोबाइल या टीवी देखने से नकारात्मक बातें मन में प्रवेश कर बनाती है कमजोर, गणित के माध्यम से दी अध्यात्म की शिक्षा

**दुर्ग। मन हमारा बहुत अच्छा मित्र है। जब विद्यार्थी अपना ध्यान मोबाइल में ज्यादा लगाते है तो मन की एकाग्रता कम होने लगती है। बच्चें मोबाइल का उतना ही उपयोग करें जितनी पढ़ाई करने के लिए आवश्यक हो। आजकल बच्चें खाने के समय मोबाइल या टीवी का उपयोग करते हैं तो नकारात्मक बातें मन में प्रवेश करती है जिससे मन कमजोर होता है। इसलिए मोबाइल से जितना दूर रहेंगे उतना ही जीवन में सफल होंगे। मन और मोबाइल के एडिक्शन को अपने मुट्ठी में रखने की आवश्यक बातें बघेरा में आयोजित संस्कार समर कैम्प के दौरान ब्रम्हकुमारी बहनों ने बच्चों से कही। कैंप के तीसरे दिन बच्चों को देशभक्ति, आध्यात्मिकता और पर्यावरण विषय पर ड्राइंग व पेंटिंग कांपीटिशन का आयोजन भी किया गया था। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर में पांच दिवसीय समर कैंप के दूसरे और तीसरे दिन भिन्न-भिन्न विद्यालय से अपने रंग-बिरंगी स्कूली परिधान में आए हुए बच्चों को मन की शक्ति व एकाग्रता के विषय गणित के माध्यम से आध्यात्मिक शिक्षा दी गई। मन की शक्ति व एकाग्रता का महत्व बताया गया।**



### मन हमारा बहुत अच्छा मित्र

खुशबू दीदी ने बताया जब हम किसी अच्छे कार्य करने के लिए सोचते हैं और उसे करते हैं तो उसका परिणाम हमेशा प्लस प्लस ही होगा और यदि हम किसी अच्छे कार्य के लिए सोचते हैं और उसे नहीं करते तो उसका परिणाम माइनस होगा। मन के विषय में बीके खूशबू ने कहा कि मन हमारा बहुत अच्छा मित्र है और मन को शक्तिशाली बनाने की विधि बताते हुए उन्होंने कहा कि जब विद्यार्थी अपना ध्यान मोबाइल में ज्यादा लगाने लगता है तो मन की एकाग्रता शक्ति कम होने लगती है मोबाइल का उतना ही उपयोग करें जितनी पढ़ाई में आवश्यकता है। जब हम रील्स या शाट्र्स देखने लगते हैं तो समय का पता ही नहीं चलता कि कितना समय हमारा वेस्ट हो गया। उस समय मन हमारी बात नहीं सुन रहा है इसका अर्थ है कि हम मन के अधीन है हमें मन को अच्छा मित्र बनाना है जो हमारी हर बात माने।

### जीवन में नैतिक मूल्यों का बताया महत्व

संस्कार समर कैंप के तीसरे दिन विद्यार्थियों के लिए ड्राइंग कांपीटीशन का आयोजन किया गया। जिसका विषय देशभक्ति, आध्यात्मिकता व पर्यावरण था। अतिथि डाईंग टीचर व आर्टिस्ट पूजा ठक्कर ने विद्यार्थियों को ड्राइंग का विषय स्पष्ट किया । इसके साथ ही जीवन में नैतिक मूल्यों के महत्व को बताया। नैतिक मूल्य से हमारे व्यक्तित्व में निखार लाने के विषय पर बीके भुनेश्वरी बहन ने बताया कि सहनशक्ति का जीवन में क्या महत्व है। उन्होंने कहा कि जब एक साधारण मूर्ति छैनी-हथौड़ी के अंतिम प्रहार को सहन करते हुए पूज्यनीय मूर्ति बन जाती है जिसके दर्शन मात्र से मन इच्छित कामना पूर्ण हो जाती है। यदि हम किसी एक गुण को जीवन में अंत तक धारण करेंगे, तो हमारा जीवन भी पूजनीय हो जाएगा। जो भी महान पुरुष इस दुनिया में होकर गए है स्वामी विवेकानंद, दयानंद आर्य, बुद्ध, महात्मा गांधी इनका जीवन आज भी अनेकों के लिए प्रेरणा स्रोत है।



**विदाई समारोह...**

## सोसाइटी की उन्नति में वरिष्ठ साथियों का सर्वाधिक योगदान, चेक देकर किया सम्मानित




**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मियों की सबसे पुरानी सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 में आयोजित कार्यक्रम में सोसाइटी के माह अप्रैल या उसके पूर्व सेवानिवृत्त हुए बीएसपी के सदस्य कर्मियों को विदाई दी गई। सोसाइटी के अध्यक्ष बृजबिहारी मिश्र व अन्य पदाधिकारियों ने इन सदस्य कर्मियों को शॉल व श्रीफल और उनकी जमा पूंजी का चेक देकर सम्मानित किया। इस दौरान रिटायर कर्मियों का स्वागत करते हुए अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र ने कहा कि सोसाइटी की उन्नति में हमारे वरिष्ठ कर्मियों का सबसे ज्यादा योगदान है। इसलिए सोसाइटी से वरिष्ठ कर्मियों का रिश्ता हमेशा बना रहेगा। उन्होंने सभी रिटायर कर्मियों को स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दी। इस दौरान रिटायर हुए कर्मियों ने भी अपनी भावनाएं व्यक्त की और सम्मान के लिए आभार जताया। मैकेनिक से सुब्रत हालदार ने कहा कि जब कभी भी विपरीत परिस्थितियां आईं तो हमारी सोसाइटी ने आगे बढ़ कर सहारा दिया। प्लांट गैरेज से एम मधु बाबू ने कहा कि सोसाइटी की कार्यप्रणाली हमेशा से बेहतर रही है, इसलिए पूरे सेवाकाल में कभी भी लोन निकालने या किसी अन्य कामकाज में यहां के स्टाफ ने हमेशा तत्परता दिखाई। कार्यक्रम में मौजूद रिटायर कर्मियों में मर्चेंट एंड वायर रॉड मिल से सिंगार सिंह, फिरोज हुसैन, रिफ्रैक्ट्री इंजीनियरिंग विभाग से गोपाल प्रसाद, ब्लास्ट फर्नेसेस से सुरेश, एलपीएस राठौर, विजिलेंस से विनोद कुमार सिंह, टेलीकम्युनिकेशन से सुनील सोनी, कोक ओवन एंड कोल केमिकल विभाग से कार्तिक दास, मेडिकल से बी चंडी बाबू, एसपी चौरे, ट्रांसपोर्ट एंड डीजल ऑर्गेनाइजेशन से रेख राम, इंस्ट्रूमेंटेशन से कन्हैया लाल, मशीन असेंबलिंग और री-इंजीनियरिंग शॉप से आशाराम यादव, खेमचंद चौधरी, दल्ली मैकेनिक माइंस से वी. मूर्ति, पावर एंड ब्लोइंग स्टेशन से लीलाधर वाहने, स्टील मेल्टिंग शॉप-2 से शत्रुघ्न बोहरा और यूनिवर्सल रेल मिल से के. जोसेफ राजू शामिल हैं। इस अवसर पर संचालक मंडल की उपाध्यक्ष इंद्रजीत कौर, अमिताभ वर्मा, हरिराम यादव, नीरजा शर्मा, विनोद वासनिक, जेके गहिने और पवन कुमार साहू सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक एम मुरलीधर और आभार कुलेश्वर चंद्राकर ने किया।



**मानिकपुरी पनिका समाज का आयोजन**

## नाट्य, नृत्य, संगीत और साहित्य विधाओं का निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ



**भिलाई।** मानिकपुरी पनिका समाज भिलाई और कला-साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा जे एम सी लाइव बैंड के तत्वावधान में निःशुल्क नाट्य, नृत्य, संगीत, चित्रकला, मूर्तिकला एवं साहित्य विधा के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 17 मई से संगीतमयी सेमिनार का आयोजन शाम 7 बजे से सदगुरु कबीर दर्शन केंद्र उमरपोटी में किया गया है।

प्रशिक्षण शिविर का विषय कला विधायें सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं, युवाओं के लिए आजीविका (करियर) का सशक्त माध्यम भी,, रखा गया है। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर और उमरपोटी सरपंच विजेंद्र साहू उपस्थित थे। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य नव प्रतिभाओं की खोज कर उन्हें कला-साहित्य के विभिन्न विधाओं नाटक,फिल्मों में अभिनय, निर्देशन,संगीत में गायन,वादन में सिंथेसाइजर,गिटार,हारमोनियम,ऑक्टोपैड, तबला, ढोलक नृत्य में लोक,कंटेंपरेरी में दक्ष होने के लिए प्रोत्साहित करना तथा समाज की सकारात्मक मुख्य धारा से जोड़ना है। सेमिनार के वक्ता मणिमय मुखर्जी वरिष्ठ उपाध्यक्ष कला-साहित्य अकादमी छग तथा विभाष उपाध्याय महासचिव छत्तीसगढ़ थे।

सेमिनार में संगीतमय प्रस्तुति जे एम सी लाइव बैंड के कलाकार गौतमी चक्रवर्ती, तृष्णा चक्रवर्ती ने भजन प्रस्तुत किया, वादन में साई चक्रवर्ती, पार्थो चक्रवर्ती तथा बी डी आमोस, बरुण चक्रवर्ती के साथ सारथी चक्रवर्ती के संयोजन में प्रस्तुति दी। सदगुरु कबीर दर्शन केन्द्र निदेशक मुकुन्द दास मानिकपुरी ने बताया कि शिविर में विश्व रंगमंच दिवस, हिंदी रंगमंच दिवस, विश्व कला दिवस, अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस और विश्व संगीत दिवस के लिए निःशुल्क नाट्य फिल्म एक्टिंग, नृत्य,संगीत, चित्रकला, मूर्तिकला एवं साहित्य विधा का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस कार्यशाला में भिलाई तथा दुर्ग से कोई भी भाग ले सकता है। ग्राम उमरपोटी, उतई, नेवई, पतोरा सहित अन्य ग्रामों की प्रतिभाओं की प्रतिभा को निखार कर सामने लाने के उद्देश्य से यह निःशुल्क आयोजन किया जा रहा है।

**कार्नर न्यूज**

**हर साल आयोजन में एक लाख देने की हुई घोषणा**

## उर्स पाक में दिखी गंगा-जमुनी तहजीब, मुंबई और बदायूं कव्वालों के बीच हुआ मुकाबला

**दुर्ग।** हजरत बाबा सैय्यद अब्दुल रहमान शाह काबुली रहमतुल्लाह अलैह के 73वें उर्स मुबारक के चौथे दिन हिंदुस्तान के मशहूर कव्वाल छोटे मजीद शोला कव्वाल एंड पार्टी मुंबई का मुकाबला जुनैद सुल्तानी कव्वाल एंड पार्टी बदायूं के बीच शानदार मुकाबला हुआ।

इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि छग वक़्फ़ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सलीम राज ने उर्स के आयोजन में गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पेश करने और कमेटी के सदस्यों को प्रोत्साहित करने हर वर्ष होने वाले इस कार्यक्रम के लिए एक लाख रुपए देने की घोषणा की। उर्स पाक कमेटी के बैनर तले हर साल आयोजित होने उर्स कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य वक़्फ़ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सलीम राज कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त, पूर्व विधायक अरुण वोरा, आर एन वर्मा पूर्व उपाध्यक्ष छग राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग राज्य मंत्री, अल्ताफ अहमद अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य मदरसा बोर्ड, पूर्व महापौर दुर्ग धीरज बाकलीवाल उपस्थित थे। जिनका स्वागत सालाना उर्स पाक कमेटी के अध्यक्ष प्रकाश देशलहरा व पदाधिकारीयों द्वारा किया गया।





### हमारा देश धर्मनिरपेक्ष सिद्धांतों पर चलता है डॉ. सलीम राज

इस अवसर पर मुखय अतिथि डॉ सलीम राज ने कहा कि हमारा देश धर्मनिरपेक्ष सिद्धांतों का पर चलता है। हमारी जो परंपरा है वह गंगा-जमुनी तहजीब है, सालाना उर्स पाक कमेटी के द्वारा मंच में ऑपरेशन सिंदूर को जिस तरीके से प्रदर्शित किया गया है और उसमें सिंदूरी एकता उत्सव लिखा गया है जो सराहनीय है। पूर्व विधायक अरूण वोरा ने कहा की सालाना उर्स पाक कमेटी द्वारा प्रतिवर्ष यह कार्यक्रम एकता उत्सव के रूप में मनाया जाता है। बाबा के श्रद्धालु केवल दुर्ग शहर में ही में नही बल्कि पूरे हिंदुस्तान से आते हैं और यहां बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं और सभी की मनोकामनाएं यहां पूरी होती है। हर साल यह आयोजन आपसी संबंधों में प्रगाढ़ता की एक मिसाल पेश करते हैं। पूर्व महापौर धीरज लाल बाकलीवाल ने कहा कि मैंने अपने बचपन से इस उम्र तक बाबा के उर्स में लोगों के उत्साह को देखा है। हमारे देश की यह परंपरा व संस्कृति है । इस उर्स पाक की तैयारी दो-तीन महिने पहले से की जाती है। कमेटी के जनरल सेक्रेटरी रउफ कुरैशी ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ वक़्फ़ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सलीम राज ने हर वर्ष एक लाख रुपए की राशि छत्तीसगढ़ राज्य वफ्फ बोर्ड के द्वारा कार्यक्रम के लिए प्रदान की जाने की घोषणा की। जिसका सभी लोगों ने स्वागत किया। सभी अतिथियों को काबुली रत्न देकर सम्मानित किया गया। सुबह तक चले कव्वाली का लुत्फ सभी ने उठाया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### अनिशा और गीता अर्जेंटीना में करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व




रायपुर। बैंग्लोर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही जूनियर इंडिया कोर टीम में शामिल प्रदेश की अनिशा साहू और गीता यादव का चयन अर्जेंटीना के रोसारियो में खेले जाने वाले 4 नेशन हॉकी टूर्नामेंट के लिए किया गया है। यह टूर आने वाले समय में आयोजित जूनियर महिला वर्ल्ड कप 2025 की तैयारियों को लेकर किया जा रहा है। 24 सदस्यों वाली टीम में से ही उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन दिसंबर में होने वाले एफआईएच हॉकी जूनियर महिला विश्वकप के लिए किया जायेगा।

ज्ञात हो कि अनिशा साहू विगत 4 वर्षो से जूनियर टीम की सदस्य के रूप में शामिल है तथा गीता यादव भी विगत 2 वर्षों से जूनियर इंडिया टीम के सदस्य के रूप में शामिल हुई है और उन्होने अपने खेल के प्रदर्शन के आधार पर यह जगह बनाई है। छत्तीसगढ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि अर्जेंटीना के रोसारियो में आगामी 25 मई से 2 जून तक आयोजित होने वाले 4 नेशन टूर्नामेंट में चार देश – अर्जेंटीना, उरुग्वे, चिली और भारत भाग लेंगे। भारतीय टीम अपने प्रदर्शन का मूल्यांकन करने, टीम संयोजनों का आकलन करने और रणनीतियों को परिष्कृत करने के लिए भाग लेने वाले प्रत्येक देश के खिलाफ दो मैच खेलेगी। अनिशा बेल्जियम, नीदरलैंड और जर्मनी का दौरा कर चुकी है, भारतीय हॉकी टीम की ओर से यह उसका तीसरा दौरा होगा जब वह जूनियर महिला इंडिया टीम की ओर से प्रतिनिधित्व करेगी। इसके साथ ही गीता यादव ने भी बहुत कम समय में यह मुकाम हासिल किया है। उसने 2 वर्ष के भीतर ही टीम में अपना स्थान बनाया है। गीता पूर्व में नीदरलैंड और बेल्जियम का दौरा कर चुकी है। छत्तीसगढ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि गीता यादव कबीरधाम जिले के ग्राम बोड़ला की रहले वाली है। जिन्हे शुरूआती समय में उनके पहले कोच शिव सिंह चौहान ने हॉकी खेलना सिखाया। कुछ समय बाद उन्होंने राजनांदगांव में रहकर कोच अनुराज श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में हॉकी के गुण सीखे है। उसके बाद उनका चयन खेलो इंडिया सेंटर बहतराई बिलासपुर के लिए हुआ था। दोनो ही खिलाडी विगत कई वर्षों तक छत्तीसगढ़ हॉकी की ओर से राष्ट्रीय स्पर्धाओं में प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुके है। टूर्नामेंट में भारत अपना पहला मैच चिली के साथ खेलेगी।

### खेलो इंडिया बीच गेम्स में छत्तीसगढ़ के तीन निर्णायक





रायपुर। भारत सरकार खेल मंत्रालय एवं भारतीय खेलप्राधिकरण के द्वारा आयोजित खेलो इंडिया बीच गेम्स 19 से 24 मई को घोंगला बीच दमन एंड दीव में आयोजित हो रहा है। प्रतियोगिता में पेंचाक सिलाट खेल के लिए छत्तीसगढ़ के तीन निर्णायकों को आमंत्रित किया गया है। जिनमे शेख समीर बिलासपुर, ममता पांडे बस्तर, लेखा सोनी राजनांदगांव शामिल है। प्रदेश संघ के कार्यकारी अध्यक्ष मनीष बाग, वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी सुशील मिश्रा, प्रदेश एथलेटिक संघ के महासचिव अमरनाथ सिंह, पैरालंपिक जूडो संघ के कार्यकारी अध्यक्ष आशीष गोयल, मनीष निषाद, सूर्यकांत वर्मा, अभिषेक देवांगन, शेख अरबाज अली, आशीष जायसवाल तांडी ने बधाई दी है।

### खेलो इंडिया में छत्तीसगढ़ मल्लखंब टीम दीव रवाना



रायपुर। केन्द्र शासित प्रदेश दीव के घोघला बीच में 19 से 21 मई तक आयोजित होने वाले प्रथम खेलो इंडिया बीच गेम्स के लिए छत्तीसगढ़ की मल्लखंब टीम 17 मई को दीव के लिए रवाना हुई। छत्तीसगढ़ की मल्लखंब टीम में बालिका वर्ग से मोनिका पोटाई ,नारायणपुर दुर्गेश्वरी कुमेटी,नारायणपुर अनिता गोटा,नारायणपुर सरिता पोयम,नारायणपुर संतय पोटाई, नारायणपुर रोशनी धीवर, बिलासपुर पुरुष टीम राकेश कुमार वढ़दा, नारायणपुर मानू ध्रुव,नारायणपुर राजेश सलाम, नारायणपुर मोनू नेताम,नारायणपुर संतोष सोरी,नारायणपुर और प्रतीक बंजारे बिलासपुर शामिल हैं। अधिकारियों की टीम में डॉ मिलिंद भानदेव, कोच बिलासपुर सौरव पाल,कोच,नारायणपुर पूनम प्रसाद, प्रबंधक,नारायणपुर मनोज प्रसाद, तकनीकी अधिकारी नारायणपुर शामिल है। यह जानकारी प्रेमचंद शुक्ला, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मलखंब संघ ने दी।

**लिवर-किडनी के लिए कम उम्र से ही बरतें सावधानियां**

# लिवर-किडनी को सेहतमंद रखना पहली जरूर गांठ बांध लें कुछ बातें तो नहीं उठानी पड़ेगी मुश्किलें

लिवर और किडनी दोनों ही हमारे शरीर के महत्वपूर्ण कार्यों में विशेष भूमिका निभाती हैं। शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने, मेटाबॉलिज्म को ठीक रखने और खून को फिल्टर करने के लिए भी इनका ठीक तरीके से काम करते रहना आवश्यक है।

लिवर और किडनी हमारे शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंग हैं, हालांकि लाइफस्टाइल और आहार की गड़बड़ी ने इन दोनों अंगों की सेहत को बुरी तरह से प्रभावित किया है। हम क्या खाते हैं, किसी तरह का जीवन जीते हैं, इन सभी का हमारे स्वास्थ्य पर असर हो सकता है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ कम उम्र से ही सेहत की देखभाल को लेकर अलर्ट रहने की सलाह देते हैं।

लिवर और किडनी दोनों ही हमारे शरीर के महत्वपूर्ण कार्यों में विशेष भूमिका निभाती हैं। शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने, मेटाबॉलिज्म को ठीक रखने और खून को फिल्टर करने के लिए भी इनका ठीक तरीके से काम करते रहना आवश्यक है।



### खान-पान, जीवनशैली को ठीक रखने पर दें ध्यान



स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लिवर-किडनी को स्वस्थ रखने के लिए सही खान-पान, जीवनशैली को ठीक रखने के साथ कुछ विशेष सावधानियां भी जरूरी हैं। कई शोध बताते हैं कि इन दोनों अंगों को हमारी जिस एक आदत के कारण सबसे ज्यादा क्षति हो रही, शराब पीना उनमें से एक है। शराब से लिवर कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाता है, इससे फैटी लिवर और सिरोसिस जैसी दिक्कतों का खतरा बढ़ जाता है।

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर हेल्थ की एक रिपोर्ट के अनुसार, लंबे समय तक अत्यधिक मात्रा में शराब का सेवन लिवर और किडनी फेलियर के खतरे को कई गुना तक बढ़ा देता है।

### प्रोसेस्ड फूड और अधिक नमक से करें परहेज

प्रोसेस्ड फूड में हाई सोडियम और इसे लंबे समय तक बचाए रखने के लिए केमिकल्स होते हैं, जो किडनी की कार्यप्रणाली पर असर डालते हैं और उच्च रक्तचाप को बढ़ावा देते हैं। जर्नल ऑफ अमेरिकन सोसाइटी ऑफ नेफ्रोलॉजी की एक रिपोर्ट अनुसार, ज्यादा नमक खाने से किडनी की कार्यक्षमता पर नकारात्मक असर हो सकता है। अत्यधिक नमक के कारण लिवर की कार्यक्षमता प्रभावित हो सकती है।

### इन बातों का भी रखें ध्यान

लिवर-किडनी को स्वस्थ रखने के लिए कम उम्र से ही सभी लोगों को कुछ और सावधानियां बरतनी चाहिए। तंबाकू से दूरी बनाएं। इसमें मौजूद टॉक्सिन्स लिवर और किडनी दोनों को नुकसान पहुंचाते हैं और कैंसर का खतरा बढ़ा सकते हैं। कम पानी पीना भी खतरनाक है। पानी शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने में मदद करता है, ऐसे में कम पानी पीने से शरीर में विषाक्तता बढ़ सकती है।

पेनकिलर या एंटीबायोटिक दवाओं का ज्यादा सेवन भी लिवर और किडनी को नुकसान पहुंचा सकता है। व्यायाम से वजन, ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर नियंत्रित रहता है। जो लोग व्यायाम नहीं करते हैं उनमें भी लिवर-किडनी की समस्याएं अधिक देखी जाती हैं।

# हार्ट को नुकसान पहुंचा सकती हैं ये डाइट हैबिट्स, बचकर रहें



जब भी खुद को सेहतमंद रखने की बात होती है तो हम सभी सिर्फ वजन कम करने पर ही फोकस करते हैं और हार्ट हेल्थ को अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। शायद यही वजह है कि आज के समय में कम उम्र में ही लोगों को ब्लड प्रेशर व हार्ट अटैक की समस्या हो रही है। क्या आपको पता है कि हमारे दिल पर हमारी रोज़मर्रा की खाने-पीने की आदतों का काफी असर पड़ता है, बस हमें इसका पता नहीं चलता।

कई बार हम टीवी देखते-देखते एक्स्ट्रा चिप्स खाना या फिर स्वाद के चक्कर में बटर से लदा दूसरा पराठा खा लेना या फिर खाने के साथ कोल्ड ड्रिंक पीने की आदत कहीं ना कहीं अनजाने में हमारे दिल पर असर डालती हैं। यहां तक कि लोगों को इस बात की जानकारी तक नहीं होती कि कौन-सी चीज़ें धीरे-धीरे उनके दिल की सेहत बिगाड़ रही हैं। उन्हें इस बात का जब तक पता चलता है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। हाई कोलेस्ट्रॉल या हाई बीपी की समस्याएं सब एक दिन में नहीं होती, बल्कि ये सालों की लापरवाह खाने-पीने की आदतों का नतीजा होता है। तो चलिए आज इस लेख में सेंट्रल गवर्नमेंट हॉस्पिटल के ईएसआईसी अस्पताल की डाइटीशियन रितु पुरी आपको कुछ ऐसी ही डाइट हैबिट्स के बारे में बता रही हैं, जो आपके दिल को काफी हद तक नुकसान पहुंचा सकती हैं-

### बहुत ज्यादा तली-भुनी और ऑयली चीज़ें खाना



हम सभी को पकौड़े, समोसे, भटूरे और स्ट्रीट फूड खाना बहुत पसंद आता हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि ये चीजें आपकी सेहत खासतौर से आपके दिल को नुकसान पहुंचा सकती हैं। इन्हें बार-बार खाने से शरीर में चर्बी जमा होने लगती है। ये चर्बी हमारी नसों को ऐसे ब्लॉक कर देती है और फिर दिल को खून पंप करने में दिक्कत होने लगती है। इसलिए, जहां तक संभव हो, आप तली-भुनी और ऑयली चीज़ें खाने से बचने की कोशिश करें। अगर आपका इन चीजों को खाने का मन है तो ऐसे में आप एयर फ्रायर का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### ज़रूरत से ज़्यादा नमक खाना

अक्सर हम ऐसी चीजों को अपनी डाइट में शामिल करते हैं, जिन्हें बहुत अधिक नमक होता है और हम अनजाने में उसे खाते हैं। अचार, पापड़, चिप्स, रेडी-टू-ईट नूडल्स और यहां तक कि केचअप में भी ढेर सारा नमक छिपा होता है। ज़्यादा नमक खाने से ब्लड प्रेशर बहुत तेजी से बढ़ने लगता है। जब बीपी हाई होता है तो ऐसे में आपके दिल को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ती है। इसलिए, खाना बनाते वक्त नमक कम डालो। पैकेट वाले खाने के लेबल ज़रूर पढ़ो। ताज़ा घर का बना हुआ फूड खाना प्रोसेस्ड चीज़ों से बेहतर है।

### बहुत ज्यादा मीठा खाना

हम सभी को मीठा खाना काफी अच्छा लगता है। गुलाब जामुन, केक, चॉकलेट, कोल्ड ड्रिंक जैसी चीजों को खाने से वज़न बढ़ता है और इससे ब्लड शुगर पर भी असर पड़ता है। जिससे डायबिटीज़ का रिस्क बढ़ जाता है। यह तो हम सभी जानते हैं कि डायबिटीज़ का दिल की बीमारियों से सीधा कनेक्शन है। इसलिए मीठे से परहेज करने की कोशिश करें। अगर आपका मीठा खाने का मन है ।



# शहद के नाम पर मिल रहा है चीनी का सिरप, असली को ऐसे पहचानें

बाजार में चमचमाते जार में बंद मीठा-सा सिरप देखकर हम यह मान लेते हैं कि वह शुद्ध शहद है। दुकानदार भी अक्सर यही दावा करते हैं, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि जिसे आप 'हनी' समझ रहे हैं, वह असल में क्या है?

बहुत बार यह सिर्फ शहद का नाम लेकर बेचा जा रहा चीनी का सिरप होता है। इसमें केमिकल्स मिलाए जाते हैं और रंग डालकर इसे शहद जैसा बनाया जाता है। यह न सिर्फ आपके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकता है, बल्कि आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी कमजोर करता है।

ऐसे में आपके काम आएंगे दादी और नानी के वे नुस्खे जिनकी मदद से आप असली शहद ढूंढ निकालेंगी। यह लेख आपको न केवल असली और नकली शहद में फर्क करना सिखाएगा, बल्कि आपको खरीदारी करते वक्त किन चीजों को ध्यान रखना है, वो भी बताएगा।

### शहद में मिलावट कैसे होती है?

शहद में मिलावट कई तरीकों से की जाती है। इसमें सबसे आम तरीका है ग्लूकोज, शुकरोज या फ्रक्टोज सिरप को शहद में मिलाना। यह सिरप बाजार में सस्ता और आसानी से उपलब्ध होता है, जिससे शहद की मात्रा बढ़ाई जाती है।

ब्राउन राइस सिरप को शहद में मिलाना एक नई तकनीक है जिससे नकली शहद असली जैसा दिखता है। यह ट्रांसपेरेंट और गाढ़ा होता है, जिससे पहचानना मुश्किल होता है। कुछ लोग पूरी तरह से नकली शहद बनाते हैं, जिसमें सिर्फ रंग, फ्लेवर, सिरप और



प्रिजर्वेटिव मिलाकर हनी जैसा दिखाया जाता है। इनवर्ट शुगर को एसिड या एंजाइम की मदद से बनाया जाता है और यह भी शहद जैसा दिखता है।

### कपड़े पर शहद गिरा कर जांचें

एक कॉटन के सफेद कपड़े पर कुछ बूंदें शहद की टपकाएं और देखें कि क्या वह कपड़े में फैलता है। असली शहद एक जगह टिकेगा और कोई निशान नहीं छोड़ेगा, जबकि नकली शहद या मिलावटी सिरप फैलकर पीला धब्बा बना देगा।

### असली शहद को फ्लेम टेस्ट से पहचानें

एक रुई की बत्ती को शहद में डुबोकर उसे जलाएं। अगर बत्ती आसानी से जल जाती है, तो शहद असली है, क्योंकि उसमें नमी कम होती है। नकली या मिलावटी शहद में मौजूद पानी और सिरप के कारण वह बत्ती जलती नहीं या चटकती है। सिरके की मदद से भी आप शहद को पहचान सकते हैं। यह ट्रिक आपके काम जरूर आएगी। इसके लिए थोड़े से शहद में कुछ बूंदें सफेद सिरके की मिलाएं।

# बड़ा से बड़ा वास्तु दोष होगा दूर, मंगलवार और शनिवार के दिन करें ये महा उपाय

कई बार हमारे घर पर ऐसी कई समस्याएं आती हैं जिनका कारण जान पाना मुश्किल होता है। दरअसल इन सभी का कारण आपके घर में मौजूद वास्तु दोष हो सकते हैं। किसी भी तरह के दोष को दूर करने के लिए आप यहां बताया गया आसान उपाय आजमा सकते हैं।

भारतीय संस्कृति और धर्म में स्वस्तिक को अत्यंत शुभ एवं पवित्र चिह्न माना गया है। यह न केवल धार्मिक अनुष्ठानों में प्रयुक्त होता है, बल्कि वास्तु शास्त्र और ज्योतिष में भी इसका विशेष महत्व है। स्वस्तिक घर में सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करता है और नकारात्मक शक्तियों को दूर करने में सहायक होता है। ऐसा माना जाता है कि अगर किसी घर में कोई भी वास्तु दोष है, तो उसे दूर करने के लिए आपको घर पर स्वस्तिक का चिह्न जरूर बनाना चाहिए। यही नहीं यदि आप सप्ताह में दो दिन मंगलवार और शनिवार के दिन घर के मुख्य द्वार पर स्वस्तिक बनती हैं तो इससे आपको भविष्य में शुभता मिलने के योग बढ़ जाते हैं।



घर में बनाया गया स्वस्तिक न केवल आपके घर की आर्थिक स्थिति को ठीक करता है, बल्कि परिवार के सदस्यों को भी मानसिक शांति और सफलता प्रदान करता है। आपके घर पर कोई भी बड़ा से बड़ा वास्तु दोष क्यों न हो आप स्वस्तिक के इस उपाय से उसे दूर कर सकते हैं। आइए सेलेब्रिटी एस्ट्रोलॉजर प्रदुमन सूरी से जानें इसके बारे में विस्तार से कि आपको स्वस्तिक कहां और किस दिन बनाना चाहिए जिससे वास्तु दोषों से मुक्ति मिले।

आपके घर के किसी भी स्थान पर वास्तु दोष क्यों न हो आपको इसे दूर करने के लिए सप्ताह के दो दिनों में घर पर स्वस्तिक जरूर बनाना चाहिए। मंगलवार और शनिवार को स्वास्तिक बनाने का विशेष महत्व होता है। घर में मंगलवार और शनिवार के दिन स्वास्तिक बनाने का विशेष कारण यह है कि इन दोनों दिनों का संबंध मंगल और शनि ग्रह से होता है। मंगल ग्रह ऊर्जा, साहस और शक्ति का प्रतीक है, जबकि शनि ग्रह कर्म और न्याय का प्रतीक है। यदि किसी व्यक्ति के जीवन में वास्तु दोष के कारण परेशानियां बनी रहती हैं, तो यह उपाय बहुत प्रभावी होता है।

घर पर स्वास्तिक बनाने के लिए सबसे पहले मुख्य द्वार को अच्छी तरह से साफ करें और शुद्ध जल से पोछा लगाएं। आप मुख्य द्वार पर हल्दी, कुमकुम, रोली या चंदन से स्वस्तिक बना सकते हैं। जिससे यह आपके घर पर पवित्रता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है।

**कार्नर न्यूज**

**खेल में करियर के कई ऑप्शन, जानें कैसे मिलती है नौकरी, क्या है स्कोप?**

# खेल में करियर ढूंढ रहे हैं तो निराश होने की जरूरत नहीं आज ढेरों विकल्प मौजूद जिनसे बना सकते हैं सुनहरा भविष्य

बचपन से ही बच्चों में खेल की रुचि होती है. कुछ लोग अपने खेल के पैशन को आगे बढ़ाते हैं तो कुछ लोग खेल को छोड़ आगे बढ़ जाते हैं।

"खेलोगे कुदोगे तो बनोगे खराब, पढ़ोगे लिखोगे तो बनोगे नवाब" बचपन से हमे एक चीज जरूर सुनने को मिलती है। लेकिन बदलते दौर के साथ इस कहावत की परिभाषा भी बदल चुकी है। क्योंकि अब खेल में भी करियर बना सकते हैं और अच्छा भविष्य पा सकते हैं। बचपन से ही बच्चों में खेल की रुचि होती है। कुछ लोग अपने खेल के पैशन को आगे बढ़ाते हैं तो कुछ लोग खेल को छोड़ आगे बढ़ जाते हैं। लेकिन अब खेल में भी काफी कुछ कर सकते हैं। आज के समय में खेल में करियर तो बना ही सकते हैं साथ ही एक अलग पहचान भी आप बना सकते हैं। खेल के क्षेत्र में भी कई मौके हैं। आप अच्छी सैलरी के साथ नौकरी कर सकते है।

### करियर कैसे बनाएं

खेल में करियर बनाने से पहले आपको सबसे पहले ये देखना होगा कि आप किस खेल में बेस्ट हैं। बचपन से आपको किस खेल में रुचि रही है। वो कौनसा खेल है जो आपने बचपन से देखना और खेलना पसंद किया है और अगर आपका करियर उसी



स्पोर्ट्स में बन जाये तो आपकी एक बहुत बड़ी ख्वाहिश पूरी हो जाएगी। उसके बाद आप ये समझ जाएंगे कि आपको किस खेल में करियर बनाना है। आज के समय में समय में खेल के क्षेत्र में काफी नौकरियां उपलब्ध हैं लेकिन आपको इसके बारे में पूरी जानकारी नहीं है। इन जॉब को पाने के लिए हम आपको कुछ सामान्य बातें बता रहे हैं जो कि आपको अपने करियर बनाने में बहुत मदद करेंगे।

इसके साथ ही जिस किसी भी खेल को आप करियर बनाने जा रहे है उसमें अनुभव भी लें ताकि सफलता जल्दी मिले। अनुभव ही आपको सफलता के कदम चूमने में मदद करता है। वर्ष 2014 से स्पोर्ट्स सेक्टर की सालाना चक्रवृद्धि बढ़ोतरी दर 4.3 फीसदी रही है। साल 2018 में यह 488.5 खरब डॉलर का वैश्विक बाजार था। उम्मीद की जा रही है कि 2025 में यह क्षेत्र 8.9 फीसदी की सालाना चक्रवृद्धि बढ़ोतरी दर से आगे बढ़ेगा।

### स्पोर्ट्स कोटा में कई नौकरियां

ट्रेनर, स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट, कमेंटेटर, स्पोर्ट्स इवेंट मैनेजर या एडवेंचर स्पोर्ट्स ऑर्गेनाइजर की राह चुन सकते हैं। प्रोफेशनल खिलाड़ियों का चयन उन लोगों में से होता है, जो अलग-अलग स्तर पर आयोजित टूर्नामेंट में रिकॉर्ड प्रदर्शन करते हैं। उसके बाद संस्थान, जिला, प्रदेश या राष्ट्रीय स्तर पर चयन आयोजित होते हैं। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और पंजाब नेशनल बैंक भी स्पोर्ट्स शख्सियतों की नियुक्तियां करते हैं। सरकारी स्तर पर ग्रुप सी व डी पदों पर प्रदर्शन वाले ऐसे खिलाड़ियों की, जो आवश्यक शैक्षिक योग्यता भी रखते हैं, सीधी भर्ती होती है। स्पोर्ट्स कोटा में कई नौकरियां मिल जाती हैं। बस जरूरत है इन्हें तलाशने की।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'मिशन इम्पॉसिबल 8' के प्रीमियर पर स्टैंडिंग ओवेशन, इमोशनल हुए टॉम



कान फिल्म फेस्टिवल में टॉम क्रूज की फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबलः फाइनल रेकनिंग' का प्रीमियर हुआ। इस दौरान दौरान कुछ ऐसा हुआ कि टॉम क्रूज काफी भावुक हो गए। कान फिल्म फेस्टिवल 2025 का दूसरा दिन हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज और उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबलः फाइनल रेकनिंग' के नाम रहा। दूसरे दिन जब टॉम क्रूज कान की रेड कार्पेट पर पहुंचे तो लोगों का शोर काफी बढ़ गया। इसके बाद 'मिशन इम्पॉसिबलः फाइनल रेकनिंग' का प्रीमियर हुआ। फिल्म को कान में जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। 'मिशन इम्पॉसिबलः फाइनल रेकनिंग' को स्टैंडिंग ओवेशन मिला और काफी देर तक लोग फिल्म की तारीफ में तालियां बजाते रहे। जिसे देखकर टॉम क्रूज भावुक हो गए। कान में 'मिशन इम्पॉसिबलः फाइनल रेकनिंग' को मिली प्रतिक्रिया से फिल्म की पूरी टीम काफी खुश और भावुक हो गई। मिशन इम्पॉसिबल फ्रेंचाइजी की आखिर कड़ी के साथ इस फ्रेंचाइजी को अलविदा कहते हुए टॉम क्रूज इमोशनल हो गए। दर्शकों के भारी समर्थन के लिए टॉम क्रूज ने उनका शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर हॉलीवुड स्टार ने कहा, "यह प्रतिक्रिया ही है जिसकी वजह से हम ऐसा करते हैं। आप ही हैं जिसकी वजह से हम ऐसा करते हैं। ये बड़े पर्दे का अनुभव ही है जिसकी वजह से हम ऐसा करते हैं।" 'मिशन इम्पॉसिबलः फाइनल रेकनिंग' के निर्देशक क्रिस्टोफर मैकक्वेरी ने इस दौरान कहा, "यहां आने और हमारा समर्थन करने के लिए आप सभी का धन्यवाद।

### टॉलीवुड

## कमल हासन की फिल्म 'ठग लाइफ' का ट्रेलर रिलीज, 70 की उम्र में करते दिखे धुंआधार



कमल हासन की फिल्म 'ठग लाइफ' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस फिल्म के ट्रेलर को देखने के बाद यूजर्स के अलग-अलग रिएक्शन्स देखने को मिल रहे हैं। साउथ एक्टर कमल हासन की मच अवेटेड फिल्म 'ठग लाइफ' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। 2 मिनट के इस ट्रेलर में दिग्गज अभिनेता का दमदार एक्शन फैंस का ध्यान खींच रहा है। ट्रेलर में इमोशन्स, ड्रामा और धुंआधार एक्शन देखने को मिल रहा है। मणि रत्नम की फिल्म 'ठग लाइफ' के ट्रेलर में सबसे पहले कमल हासन को दिखाया जाता है। राजधानी दिल्ली के बैकग्राउंड में कहानी को दिखाया जा रहा है। ट्रेलर में सबसे पहले एक बच्चे से कमल हासन कहते हैं- 'जान तूने ही बचाई है मेरी, यमराज के चंगुल से बाहर निकाल लाया है मुझे।' इसके बाद वो बच्चे से कहते हैं कि अब से तू और मैं आखिरी तक एक साथ रहेंगे। इसके बाद दिखाया गया है कि वो बच्चा जिसका नाम अमर है, अब बड़ा हो चुका है और कमल हासन के साथ उसका बॉन्ड और रिश्ता ही पूरी फिल्म की नींव के तौर पर नजर आ रहा है।

### भोजपुरी

## चार साल बाद ऑनलाइन रिलीज हुई अरविंद की फिल्म, घर बैठे देखें



भोजपुरी एक्टर और सिंगर अरविंद अकेला कल्लू की एक सुपरहिट फिल्म 'प्यार तो होना ही था' 2021 में रिलीज हुई थी, जिसे अब ऑनलाइन अपलोड कर दिया गया है। स्टार ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया के जरिए दी है। भोजपुरी स्टार अरविंद अकेला कल्लू की लगभग 4 साल पहले एक फिल्म आई थी, जिसका नाम 'प्यार तो होना ही था' है। इस फिल्म में अरविंद अकेला लीड एक्टर थे और उनके साथ दो एक्ट्रेसेस यामिनी सिंह और कनक यादव दिखी थीं। फिल्म हिट हुई थी और इसके गाने भी खूब पसंद किए गए थे। अब ये फिल्म आप घर बैठे ऑनलाइन बेहतरीन क्वालिटी में बिल्कुल फ्री में देख सकते हैं।

अरविंद अकेला के गानों का इंतजार तो फैंस को काफी रहता है, लेकिन उनकी फिल्मों का इंतजार भी लोग करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि अरविंद अकेला की फिल्में काफी मजेदार और सोशल मैसेज वाली होती हैं। भोजपुरी फिल्म 'प्यार तो होना ही था' ऑनलाइन कहां देखा जा सकता है, आइए जानते हैं।

डीआरजे रिकॉर्ड्स भोजपुरी नाम के इंस्टाग्राम पेज पर एक पोस्ट शेयर किया गया। इसमें फिल्म 'प्यार तो होना ही था' का पोस्टर शेयर किया गया है और इसके कैप्शन में लिखा गया, 'भोजपुरी सुपरस्टार अरविंद अकेला कल्लू और खूबसूरत अदाकारा यामिनी सिंह की रोमांटिक जोड़ी लेकर आई है एक नई सुपरहिट फिल्म 'प्यार तो होना ही था'। पूरी फिल्म अब देखिए हमारे यूट्यूब चैनल पर।"

डीआरजे रिकॉर्ड्स यूट्यूब चैनल पर अरविंद अकेला कल्लू की फिल्म 'प्यार तो होना ही था' 16 मई को अपलोड की गई है। ये फिल्म 5 मार्च 2021 को यूपी, बिहार और झारखंड के थिएटर्स में रिलीज हुी थी, जिसका निर्देशन प्रमोद शास्त्री ने किया था। फिल्म में अरविंद अकेला और यामिनी सिंह के अलावा पुष्पा वर्मा, अनूप अरोड़ा, बलेश्वर सिंह जैसे भोजपुरी कलाकार नजर आए हैं। पैराडाइस प्रोडक्शन बैनर तले बना गाना 'मेहरी बवलिया' 18 मई को यूट्यूब पर रिलीज किया गया। पैराडाइस के इंस्टाग्राम पेज पर इस गाने का पोस्टर शेयर किया गया है।

पोस्ट शेयर करते हुए लिखा गया, "बहुत जल्द आप सबके बीच आ रहा है मेहरी बवलिया अरविंद अकेला कल्लू की आवाज में आराध्या म्यूजिक जोन यूट्यूब चैनल पर।"

## लाइफ स्टाइल

### अनामिका का कलेक्शन




लैक्मे फैशन वीक के 25वें साल पर रनवे बोल्ड विचारों, शिल्प कौशल और फैशन के लिए दर्शनीय बन गया। यह वह मंच है, जहाँ भारत के सबसे बड़े डिजाइनर और उभरते सितारे अपनी उत्साहजनक भागीदारी देते आए हैं। इस शो में डिजाइनर अनामिका खन्ना ने अपना नवीनतम कलेक्शन पेश किया। जिसमें उन्होंने कई विरोधाभासों का इस्तेमाल किया है। पूरे कलेक्शन में एक खास विशेषता ऑक्सीडाइज़्ड सिल्वर टोन का उपयोग था। मेटैलिक रंग वैभव के बारे में कम और शांत शक्ति के बारे में अधिक महसूस करते हैं, जो पावर ड्रेसिंग को फिर से परिभाषित करने के कलेक्शन की थीम को मूर्त रूप देते हैं।

## बिना रिमूवर के छुड़ानी है नेल पॉलिश तो अपनाएं कुछ खास तरीके

महिलाएं अपनी खूबसूरती बढ़ाने के लिए अक्सर कई चीजों का इस्तेमाल करती हैं। चाहे कपड़ों की बात हो या फिर मेकअप की, महिलाएं हर उम्र में अलग-अलग चीजों का इस्तेमाल करके स्टाइलिश दिखना चाहती हैं। आजकल तो कपड़ों के साथ मैचिंग की नेल पॉलिश लगाने का भी काफी ज्यादा ट्रेंड है। नेल पॉलिश लगाना तो काफी आसान होता है लेकिन इसे हटाते वक्त काफी मुश्किल होती है।

कई बार दिक्कत तब सामने आती है जब हम पुरानी नेल पॉलिश हटाना चाहते हैं लेकिन हमारे पास नेल रिमूवर नहीं होता। ऐसे में महिलाएं पुरानी नेल पॉलिश के ऊपर ही नई नेल पॉलिश लगा लेती हैं। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे घरेलू तरीके बताने जा रहे हैं, जिसके इस्तेमाल से आप बिना नेल रिमूवर के भी नेल पॉलिश हटा सकते हैं। इन तरीकों को इस्तेमाल करने के लिए आपको ज्यादा कुछ मेहनत करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।



**टूथपेस्टः** जिस तरह से दातों को चमकाने के लिए टूथपेस्ट का इस्तेमाल होता है, ठीक उसी तरह से इसकी मदद से नाखूनों को भी चमका सकते हैं। इसके लिए नाखूनों पर टूथपेस्ट लगाएं और नाखूनों को हल्के ब्रश की मदद से हल्का सा रगड़े। ऐसा करने से नेल पॉलिश छुट जाएगी।

**टूथपेस्ट और बेकिंग सोडाः** अगर आप टूथपेस्ट में बेकिंग सोडा मिलाकर इसे नाखूनों पर लगाएंगी तो इससे भी पुरानी नेल पॉलिश छुट जाएगी।

**गर्म पानी** :अगर आप गर्म पानी की मदद से नेल पॉलिश हटाना चाहते हैं तो इसके लिए थोड़ा सा पानी गर्म कर लें। इसके बाद नाखूनों को 25-30 मिनट तक गर्म पानी में भिगोकर रखें। धीरे-धीरे नेल पेंट अपने आप छूट जाएगी।

**नींबूः** आप गर्म पानी में नींबू का रस मिलाकर भी नेल पॉलिश को छुड़ा सकती हैं। इसकी मदद से आपके नाखून एक दम साफ हो जाएंगे।

**हाइड्रोजन पेरॉक्साइडः** गर्म पानी में हाइड्रोजन पेरॉक्साइड को मिलाकर आप पुरानी नेल पॉलिश को हटा सकते हैं। हाइड्रोजन पेरॉक्साइड में नाखूनों में मिलाने के बाद नेल फाइलर से रब करने पर नेल पॉलिश रिमूव हो जाएगी।

**सिरकाः** नेल पॉलिश हटाने के लिए आप सिरके का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए सिरके में नींबू का रस मिलाकर हाथों पर लगाएं और फिर 10 मिनट बाद गर्म पानी से धोने पर नेल पॉलिश अपने आप हट जाएगी।

## ड्रेस पहनते वक्त दिखता है मोटापा तो जरूर रखें इन बातों का ध्यान

फैशन



जिस तरह से हर लड़की का चेहरा अलग दिखता है, ठीक उसी तरह से उनका बॉडी टाइप भी अलग होता है। ऐसे में हमेशा अपने शरीर के हिसाब से ही कपड़े पहनने चाहिए। लड़के कपड़े खरीदते वक्त ज्यादा ध्यान नहीं देते, पर हर लड़की अपने कपड़ों को काफी ध्यान से ही खरीदती है। वैसे तो हर लड़की को वो सब कपड़े पहनने चाहिए, जिसे पहनकर उनका आत्मविश्वास बढ़ता हो लेकिन कई बार लड़कियां अपने बढ़ते वजन को देखकर काफी परेशान हो जाती हैं।



खासकर जब बात आती है वेस्टर्न ड्रेस पहनने की तो लड़कियों को ये बात काफी परेशान करती है कि कहीं वो वेस्टर्न ड्रेस में स्टाइलिश दिखने की बजाय अजीब ना दिख रही हों। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताएंगे, जिनको अपनाकर आप ड्रेस पहनकर भी अपना मोटापा छिपा सकती हैं। इन बातों को ध्यान में रखकर आप वेस्टर्न ड्रेस में भी क्लासी दिख सकती हैं।

### बेल्ट को कहें बॉय-बॉय

अगर आपका पेट ज्यादा दिख रहा है तो कभी भी ड्रेस पहनते वक्त उस पर बेल्ट ना लगाएं। अगर आप बेल्ट लगाएंगी तो ये आपके लुक को खराब कर सकता है।

अगर आपका पेट निकला हुआ है तो बॉडीकॉन ड्रेस से दूर ही रहें। बॉडीकॉन ड्रेस में शरीर का हर अंग अलग से दिखता है। अगर आप ये पहनना चाहती हैं तो इसके अंदर टमी टकर जरूर पहनें।

रफल वाली ड्रेस काफी फूली-फूली होती हैं, जिसके चलते ये आपका बेली फैट छुपाने में मददगार होती है। ये देखने में भी काफी ज्यादा क्लासी और स्टाइलिश होती है।

ड्रेस के अलावा आपको अन्य कपड़ों के लिए भी कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। जो हाई वेस्ट जींस होती है वो बाहर निकले पेट को छिपाने में मददगार होती है। ऐसे में आप रोजाना की लाइफ में हाई वेस्ट जींस आसानी से पहन सकती हैं।

अगर आपका पेट निकला है तो कपड़े खरीदते वक्त हमेशा पैटर्न का ध्यान रखें। वर्टिकल पैटर्न वाली ड्रेस आपके बैली फैट को छिपाने के काम आती है। ये आपके ऊपर अच्छी भी लगेगी।

## चेहरे पर हैं पिगमेंटेशन के निशान तो घर पर तैयार करें ये फैसपैक

जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, वैसे-वैसे शरीर में कई तरह के बदलाव सामने आते हैं। उम्र बढ़ने के अलावा आजकल के खानपान, तनाव और यूवी किरणों की वजह से भी शरीर में कई तरह की परेशानियां सामने आती हैं। इन सबका सबसे ज्यादा असर चेहरे पर ही दिखाई देता है। इसी वजह से चेहरे पिगमेंटेशन, ब्लैक स्पॉट, पिंपल्स दिखाई देने लगते हैं। घरेलू नुस्खे या फिर दवाइयों की मदद से हम इन परेशानियों से तो छुटकारा पा लेते हैं लेकिन परेशानी तब सामने आती है जब ये दिक्कतें तो सही हो जाएं लेकिन इनके दाग चेहरे पर रह जाएं।

आपकी इसी परेशानी को देखते हुए आज के लेख में हम आपको इनसे छुटकारा पाने के तरीके बताने जा रहे हैं। अगर आपके चेहरे पर पिगमेंटेशन के निशान हैं तो घर पर आप इस फेसपैक बनाकर इससे छुटकारा पा सकते हैं। इस पैक को बनाने के लिए आपको ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

अगर आप ये पैक बनाने जा रही हैं तो सबसे पहले एक बाउल में दो चम्मच दही लेकर उसे फेंट लें। इसके बाद इसमें चावल का



पाउडर मिलाकर उसमें मुल्तानी मिट्टी मिलाएं। एक चुटकी हल्दी, दो बूंद नींबू का रस और शहद मिलाकर इसका पेस्ट तैयार करें। बस आपका फैसपैक तैयार है।

### लगाने की विधि

इस फेसपैक को लगाने के लिए सबसे पहले अपने चेहरे को अच्छे से धो लें। अब किसी ब्रश की मदद से इस पेस्ट को चेहरे से लेकर गले और गर्दन में अच्छे से लगाएं।

## अगर छोटी है आपकी आंखें तो ऐसे करें मेकअप

रोजाना की जिंदगी में महिलाएं मेकअप करना काफी पसंद करती हैं। अक्सर आपने देखा होगा कि छोटी आंख वाली महिलाएं मोटा-मोटा आई लाइनर लगा लेती हैं। उन्हें लगता है कि मोटा आई लाइनर लगाने से आंखें बड़ी लगती हैं लेकिन हकीकत में ऐसा नहीं है। अगर आप अपनी आंखों को आकर्षित दिखाना चाहती हैं तो कोशिश करें यह विंग्ड आईलाइनर हो। मोटा आईलाइनर आपके लुक को खराब कर सकता है। अपने ड्रेसअप के हिसाब से ही विंग्ड आई लाइनर लगाएं। ऐसा माना जाता है कि काजल लगाने से आंखें बड़ी लगती हैं, पर अगर आप सही तरीके से काजल नहीं लगाएंगी तो आपका लुक खराब दिखेगा। इतना ही नहीं ऐसा करने से आपकी आंखें भी



अजीब दिखेंगी। अगर आपकी आंखें छोटी हैं तो हमेशा वॉटर लाइन पर ही काजल लगाएं। इससे आपकी आंखें खूबसूरत लगेंगी। आंखों के मेकअप में मस्कारा का काफी अहम रोल होता है। छोटी आंख वाली महिलाएं इसका इस्तेमाल करते वक्त ध्यान रखें कि आप कम मात्रा में ही मस्कारा का इस्तेमाल करें। इसके साथ ही बार-बार मस्कारा का कोट ना लगाएं, इससे पूरा लुक बिगड़ सकता है। अपना आई मेकअप शुरू करने से पहले आई बेस जरूर लगाएं। एक तो इसके इस्तेमाल से आपकी आंखें और ज्यादा खूबसूरत दिखेंगी और साथ में इसकी वजह से आपका मेकअप हाईलाइट होगा।


### कार्नर न्यूज

### सुनहरा भविष्य है नौजवानों के लिए मॉडलिंग के क्षेत्र में

## सुपर मॉडल की कमाई होती है फिल्मी सितारों से ज्यादा, करोड़ों में खेलते हैं मॉडलिंग को करियर चुनने वाले

दुनिया की टॉप मॉडलों की कमाई किसी भी फिल्मी सितारे से कहीं ज्यादा होती है। आप यकीन न करें लेकिन मॉडलिंग में करियर बनाने वाले मॉडल आज करोड़ों में खेलते हैं। आंकड़े बताते हैं कि कैंडल जेनर (अमेरिका) की कमाई 212 करोड़ डॉलर, गिजेल बुंडचेन (ब्राजील) की 1175 करोड़ डॉलर, क्रिसी टाइगन (अमेरिका) की 1135 करोड़ डॉलर, आड्रियाना लीमा (ब्राजील) की 1105 करोड़ डॉलर, गिगी हैडिड (अमेरिका) की 95 लाख डॉलर, रोजी हनटिंग्टन-व्हाइटली (यूके) की 95 लाख डॉलर, कार्ली क्लोस (अमेरिका) की 90 लाख डॉलर, लियु वेन (चीन) की 65 लाख डॉलर, बेला हैडिड (अमेरिका) की 60 लाख डॉलर और एश्ले ग्रैहम (अमेरिका) की कमाई 55 लाख डॉलर है।

सबसे ज्यादा कमाई सुपर मॉडलों की होती है। गिजेले बुंडचेन ने रिटायर हो जाने के बावजूद 3 करोड़ डॉलर की कमाई कर ली। सामान्य मॉडल भी एक साल में 18,000 से 3,00,000 डॉलर तक की कमाई कर लेती हैं। बड़े





डिजायनर तो फैशन शो से करोड़ों कमाते हैं। फैशन उद्योग में अकेले डिजायनरों तक की औसत कमाई साल में करीब 1,00,000 डॉलर है। फैशन उद्योग में पर्दे के पीछे भी बहुत से लोग काम करते हैं। हेयर स्टाइलिस्ट साल में 42,000 डॉलर, मेकअप आर्टिस्ट 60,000 डॉलर तक, ड्रेस स्टाइलिस्ट 69,000 डॉलर तक, फैशन पत्रिकाओं के संपादक 20 लाख डॉलर तक, उनके असिस्टेंट 40,000 डॉलर तक, पत्रकार 78,000 डॉलर तक, फैशन लेबल के पीआर मैनेजर 92,000 डॉलर तक और फोटोग्राफर साल में करीब 62,000 डॉलर तक कमा लेते हैं। बाकी दुनिया की तरह भारतीय फैशन उद्योग भी तेजी से छलांग लगा रहा है। यहां भी फैशन डिजाइनर्स और मॉडल्स की ऊंची कीमत लगती है। उनमें मनीष मल्होत्रा, तरुण तहिलियानी, रितु बेरी, जे।जे। वालया, रोहित बाल, रितु कुमार, वेंडेल रोड्रीक्स, सब्यसाची मुखर्जी, विक्रम फडनीस, मनीष अरोड़ा, जूही चावला, उर्मिला मातोंडकर, करीना कपूर, दीपिका पादुकोण, आलिया भट्ट, लारा दत्ता, कैटरीना कैफ़, दीया मिर्जा, ईशा गुप्ता, ऐश्वर्या राय, माधुरी दीक्षित, सोनम कपूर, रानी मुखर्जी, प्रीति जिंटा आदि के नाम प्रमुखता से आते हैं।

हाल की सुर्खियों में श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर इन दिनो मॉडल की दुनिया में जाने के लिए बेकरार हैं। पैसे और ग्लैमर की चकाचौंध ने इस क्षेत्र में रोजगार की बड़ी संभावनाएं पैदा की हैं।